■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-8 अंक-38)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 23 अक्तूबर, 2023



▶ समलैंगिक समाज को कोर्ट का झटका ▶ पत्रकार अभिषेक मिश्रा का साथियों ने मनाया जन्मदिन ▶ विराट कोहली के शतक के पीछे अंपायर

## न्यूज संक्षिप्त

### तेजी से बिगड़ रही दिल्ली की हवा

नई दिल्ली। दिवाली आने में लगभग 20 दिनों का समय शेष बचा है। मगर दिवाली से पहले ही राजधानी दिल्ली की हवा जहरीले होने लगी है। दिल्ली में आम जनता के लिए सांस लेना दुभर हो गया है। राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है, जिससे आम जनता के लिए सांस लेना दूभर होने लगा है। वही सफर के आंकड़ों की माने तो रविवार दोपहर को दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक 302 पर रही जो की सुबह 266 पर बना हुआ था। इसी के साथ वायु गुणवत्ता गिरकर बहुत खराब श्रेणी में चली गई है। बता दे कि दिल्ली में रविवार की सुबह है वायु गुणवत्ता 266 दर्ज की गई थी जबकि इससे पहले शनिवार को यह स्तर 173 पर बना हुआ था।

### बलवा, जानलेवा हमले के मामले में 14 अभियुक्तों को एक साल का कारावास

रायबरेली। बलवा, जानलेवा हमले के मामले में शनिवार की शाम 21 साल बाद फैसला आया। कोर्ट ने 14 अभियुक्तों को एक-एक साल के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही सभी पर 1500-1500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया।ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के उसरैना गांव निवासी राकेश बहादुर सिंह पुत्र दिवाकर सिंह के घर पर नौ जनवरी 2022 को आरोपियों ने एक राय होकर धावा बोला था। इस दौरान राकेश सिंह पर जानलेवा हमला करके उन्हें घायल कर दिया था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी।कोर्ट ने दो दशक बाद इस मामले में अपना फैसला सुनाते हुए गांव के ही रहने वाले अभियुक्त इंद्रदीप सिंह, राजभान सिंह, देवराम, इंद्रभान, भीम सिंह, विपिन सिंह, बृजपाल, विनोद गुप्ता, लल्लन सिंह, अजय सिंह, नकुल सिंह, भरतलाल, लवकुश, विंदा पासी को एक साल कारावास की सजा सुनाई।

### खड़े मिनी ट्रक में घुसी बोलेरो, नर्सिंग होम संचालक समेत दो लोगों की मौत

रायबरेली। रायबरेली के बछरावां कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की रात हाईवे पर खड़े मिनी ट्रक (डीसीएम) से बोलेरो जा घुसी। इससे बोलेरो सवार निजी नर्सिंग होम संचालक और उसके गाड़ी चालक की मौत हो गई। पुलिस ने पहुंचकर हादसे की जांच की। दो लोगों की मौत से परिजनों में मच गया है।बछरावां थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी आशीष चौधरी (38) पुत्र राकेश कुमार बछरावां कस्बे में आरके नर्सिंग होम का संचालन करता था। वह बछरावां के साथ ही लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र के मड़वया में भी रहता था। बछरावां क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी शैलेंद्र पटेल उर्फ लालू (40) पुत्र स्व. संतलाल (40) नर्सिंग होम संचालक का दोस्त था। साथ ही उसकी गाड़ी भी चलाता था।

## आतंकियों के पीछे पड़ा इजरायल, एक-एक आतंकी को खत्म करने के लिए प्लान तैयार

हमास का खत्म करने के लिए इसराइल पूरी तरीके से तैयार है। गाजा के हमास को खत्म करने के उद्देश्य से इजरायल ने फूल प्रूफ रणनीति तैयार कर ली है। इसराइल जानता है कि हमास से लड़ाई अभी लंबी चलने वाली है क्योंकि हमास के पास इजरायल के 200 से अधिक बंधक है।इस लड़ाई में इसराइल को दोहरा मुकाबला करना है जिसमें उसे एक तरफ हमास के आतंकियों से मुकाबला करना है वही आतंकी संगठन हिजबुल्लाह से भी लड़ाई लड़नी है। हिज्बुल्लाह लगातार लेबनान की ओर से हमला करने में जुटा हुआ है। वही आतंकी संगठन को जवाब देने के लिए इजरायल की सेना सीमा के पास देती हुई है। सीमा पर इजरायल के टैंक और जवान लगातार मुस्तैद है। इजरायल की सेना सीमा पर इसलिए मुस्तैद है ताकि अगर जमीन पर युद्ध शुरू हुआ तो हमास और हिजबुल्ला को जवाब दिया जा सके।

**इजरायल की है पूरी तैयारी**–गौरतलब है कि इजरायल इस बड़े युद्ध के लिए अपनी तैयारी जोर शोर से कर रहा है। पड़ोसी देशों में उसके नागरिकों पर हमास-हिजबुल्ला हमला कर सकते है। इजराइल ने इस अंदेशे को देखते हुए अपने सभी नागरिकों को भी सतर्क कर दिया है। इजराइल के अपने नागरिकों को कहा है कि मिस्त्र और जॉर्डन को तत्काल छोड़ दें। इस संबंध में इजराइल ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि जॉर्डन और मिस्त्र की यात्रा करने से परहेज करें।



## अमरीकी सैन्य अड्डों पर रॉकेट से हमला

नई दिल्ली। इजरायल और हमास के बीच 16 दिन से चल रहे युद्ध के बीच अमरीकी सैन्य अडडों पर इराकी उग्रवादियों ने हमला किया है। रॉकेट से हुए इस हमले में कोई अमरीका का कोई भी मानवीय नुकसान तो नहीं हुआ लेकिन कुछ उपकरण और मशीन बर्बाद हो गए हैं। इस हमले की जिम्मेंवारी ईराकी चरमपंथियों के एक समूह ने ली है। वह इराक का प्रतिशोधी समूह कहता है।इराक के पश्चिमी प्रांत अनबर में रविवार को कम से कम दो कत्यूषा रॉकेट से अमेरिकी सैन्य विशेषज्ञों और एजेंसियों के सैन्य हवाई अड्डे पर



हमला किया गया। इराकी सेना के एक अधिकारी ने बताया कि हमले अलसुबह हुए जब रॉकेट राजधानी बगदाद से लगभग 190 किमी उत्तर-पश्चिम में अल-बगदादी शहर के पास अयन अल-असद एयरबेस पर गिरे।बताया जा रहा है कि एक मिलिशिया समूह, जो खुद को卐इराक में इस्लामी प्रतिरोध卐 कहता है। वह अमरीकी बलों के आवास वाले सैन्य ठिकानों पर रॉकेट और ड्रोन हमले शुरू करने का दावा कर रहा है। इसने सीरिया में अमेरिकी सैन्य बलों पर इसी तरह के हमलों की जिम्मेदारी भी ली है।

## गाजा के लोगों की मदद के लिए आगे आया भारत

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि फिलिस्तीन के लोगों के लिए भारत के लोगों की तरफ से मानवीय सहायता भेजी है।इजरायल और हमास के बीच चल रही लड़ाई के बीच भारत फिलिस्तीन की मदद के लिए आगे आया है। भारत ने फिलिस्तीन के लोगों की मदद के लिए 38.5 टन राहत सामग्री भेगा है। इस राहत सामाग्री में 6.5 टन दवाएं, सर्जिकल सामान और अन्य चिकित्सा सहायता के साथ ही आपदा के वक्त काम आने वाले 32 टन सामान भी भेजे गया हैं।भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि फिलिस्तीन के लोगों के लिए भारत भारत के लोगों की तरफ से मानवीय सहायता भेजी है।

## आजम पर बोले- साथ खड़े थे, खड़े हैं, खड़े रहेंगे
## सिर्फ गरीबों के घर पर चल रहा है सीएम का बुलडोजर: अखिलेश



लखनऊ। सपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि कानून-व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री के दावे हवा-हवाई हैं। प्रदेश में अपराध चरम पर है। मुख्यमंत्री का बुलडोजर गरीब के घर जाता है, दबंगों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर नहीं चलता। फर्जी मुकदमे लगाकर विपक्षियों को जेल भेजा रहा है। राजधानी लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में अपराधों की बाढ़ है।अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि लखनऊ के मोहनलालगंज क्षेत्र में एक महिला के साथ दुष्कर्म किया गया। कानपुर में भाजपा नेताओं की मार से दवा व्यवसाई की आंख को भी नुकसान पहुंचा। भाजपा राज में महिलाओं और बच्चियों के साथ सर्वाधिक अपराध की घटनाएं हुई हैं।

**आजम के साथ खड़े हैं, खड़े रहेंगे**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां, उनकी पत्नी तंजीन फात्मा और बेटे अब्दुल्ला आजम को अलग-अलग जेल में रखे जाने के फैसले पर कहा कि आजम खां के परिवार को जिस तरह प्रताड़ित किए जाने का कुचक्र चल रहा है, वो बेहद निंदनीय है। परिवार के सदस्यों को अलग-अलग करना सत्ताधारियों की सियासत का पुराना चलन है और उम्र के तकाजे से किसी भी हाल में जायज नहीं। इंसाफ के लिए उनके संघर्ष में सब साथ खड़े हैं और खड़े रहेंगे।

## सांसद साक्षी महाराज की राहुल-प्रियंका को चुनौती
## हिम्मत है तो उन्नाव आकर चुनाव लड़ें'

उन्नाव । उन्नाव के सांसद डॉ.सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज एक बार फिर बयानबाजी कर खुद को चर्चा में ले आए। कांग्रेस पर कड़े प्रहार करते हुए कहा कि राहुल और प्रियंका में हिम्मत है, तो उन्नाव आकर चुनाव लड़ते हुए उनसे मुकाबला करें। वह शनिवार को सरैया वाटिका के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमने कापी बहुत अच्छी लिखी है, सुलेख में उत्तर लिखा है। हर प्रश्न का उत्तर बखूबी दिया है। हमें विश्वास है कि उन्नाव की जनता उत्तर पुस्तिका जांच कर उन्हें 99 फीसदी नंबर जरूर देगी। राम मंदिर के मुद्दे पर कहा कि अयोध्या में बन रहा राम मंदिर पांच सौ वर्ष की लड़ाई का परिणाम है।इसके लिए हमने छाती पर गोलियां खाई हैं और आंदोलन झेले हैं। उन्होंने कहा कि इस समय विपक्ष के पास एक नारा है मोदी हटाओ, लेकिन किसे लाओ आज तक नाम नहीं बता सके। बता दें कि सरैया वाटिका का शुभारंभ करके सांसद साक्षी महाराज ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है।समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के निवर्तमान प्रदेश सचिव शुभ गुप्ता ने जिला प्रशासन की ओर से सरैया वाटिका में प्रवेश के लिए प्रवेश शुल्क लगाने का विरोध किया है। उनका कहना है कि मार्निंग वाकर्स पर शुल्क लगाना ठीक नहीं है।यदि शुल्क न हटाया गया तो व्यापार सभा ठोस कदम उठाएगी।

## सीमावर्ती इलाकों के मदरसों में विदेशी फंडिंग की पहले जांच करेगी एसआईटी, 16 हजार हैं पंजीकृत

लखनऊ। प्रदेश के मदरसों में विदेशी फंडिंग की जांच को गठित एसआईटी सबसे पहले नेपाल सीमा पर बीते दो दशकों के दौरान बनाए गये नये मदरसों की जांच करेगी। शुक्रवार को एसआईटी की पहली बैठक में इस पर सहमति बनी है। साथ ही, यह भी तय किया गया कि जिन मदरसों में विदेश से पैसा भेजा जा रहा है, उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।



बता दें कि शासन के निर्देश पर प्रदेश के मदरसों में विदेशी फंडिंग की जांच के लिए एडीजी एटीएस मोहित अग्रवाल की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की गयी है, जिसमें एसपी साइबर क्राइम प्रो. त्रिवेणी सिंह और निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण जे. रीभा को सदस्य बनाया गया है। एसआईटी के रडार पर प्रदेश के समस्त 24 हजार मदरसे हैं, जिनमें से 16 हजार पंजीकृत हैं। बाकी आठ हजार मदरसों को अवैध तरीके से संचालित किया जा रहा है। इनमें से अधिकतर भारत-नेपाल सीमा पर बीते दो दशकों के दौरान विदेशी फंडिंग की बदौलत से खोले गये। इन मदरसों के जरिए टेरर फंडिंग होने की आशंका भी जताई जाती रही है। अब एसआईटी विदेशी फंडिंग के इस्तेमाल के हर पहलू को गहराई से खंगालने जा रही है।

## स्मृतियों को संजोने से होगी विचारों की घर वापसी: प्रो.संजय द्विवेदी



इंदौर। भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के पूर्व महानिदेशक प्रो.संजय द्विवेदी का कहना है कि अपनी गौरवशाली परंपरा से भटककर हम एक अलग मार्ग पर चल पड़े, जिसके कारण विश्वगुरु भारत एक साधारण देश बन गया। अब हमारी स्मृतियां ही हमारे खोए हुए बौद्धिक, आध्यात्मिक और आर्थिक वैभव को वापस दिला सकती हैं। इसके लिए %विचारों की घर वापसी% जरूरी है। वे रविवार को इंदौर स्थित श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति में आयोजित श्री राकेश शर्मा की पुस्तक %स्मृतिरूपेण% के लोकार्पण समारोह में अध्यक्ष की आसंदी से संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि स्मृतियां हमारी संस्कारी ताकत हैं और बौद्धिक बल भी प्रदान करती है। श्री राकेश शर्मा जैसे लेखक हमें समृद्ध करते हैं, क्योंकि वे आधुनिक समय का पाठ भी परंपरा की जमीन पर करते हैं। प्रो.द्विवेदी ने कहा कि जो अपनी स्मृतियों से टूट जाता है, वह अपना सब कुछ खो देता है ।विशेष अतिथि फगवाड़ा (पंजाब) से आए डॉ. अनिल पांडे ने कहा कि यह कृति स्मृति रूपेण जड़ता में प्राण फूंकती है और संस्कृति तथा व्यावहारिकता को दृष्टि प्रदान करती है। डॉ.वसुधा गाडगिल ने कृति पर विस्तार से समीक्षात्मक विचार व्यक्त किए एवं कृति को साहित्य की धरोहर बताया ।इस अवसर विशेष रूप से उपस्थित मध्यप्रदेश नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. सचिन चतुर्वेदी ने भी संबोधित किया तथा अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की।










## संपादकीय

### मान्यता से इंकार

हालांकि, सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया है, लेकिन कोर्ट के फैसले ने इस विमर्श को आगे बढ़ाया है। कोर्ट की मंशा है कि समाज में समलैंगिक समाज का उत्पीड़न रोकना सरकारों का दायित्व है। साथ ही केंद्र व राज्य सरकारें उनके जीवन के लिये जरूरी सुविधाएं देने में सकारात्मक भूमिका निभाएं। पीठ का नेतृत्व कर रहे मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने स्पष्ट किया कि अदालत यह कानून नहीं बना सकती। वह इसकी व्याख्या कर सकती है और उसे लागू कर सकती है। उनका कहना था कि स्पेशल मैरिज एक्ट में संशोधन का दायित्व संसद पर था। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह फैसला एलजीबीटीक्यूआईए समुदाय के सदस्यों को रिश्तों में प्रवेश करने के अधिकार से नहीं रोकेगा। साथ ही अदालत ने केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि इस समुदाय के साथ किसी भी तरह का भेदभाव न हो। कोर्ट के इस नजरिये के चलते ही केंद्र सरकार ने एक समिति बनाने का फैसला किया है जो समलैंगिक संघों में शामिल व्यक्तियों के अधिकारों पर विचार-विनिमय करेगी। दरअसल, केंद्र सरकार इस विवाह को कानूनी मान्यता देने के पक्ष में नहीं थी। इतना ही नहीं इस विवादास्पद मामले में कई पहलुओं को लेकर न्यायाधीशों में भी असहमति थी। वहीं पीठ ने स्पष्ट किया कि विवाह किसी व्यक्ति का मौलिक अधिकार नहीं है। वहीं दूसरी ओर समलैंगिक जोड़ों के बच्चे गोद लेने के अधिकार पर भी कोई सहमति नहीं थी। समलैंगिक संगठन हालांकि, इस फैसले से निराश तो हैं लेकिन वे इस बात को अपनी उपलब्धि मानते हैं कि अदालत ने समलैंगिक जोड़ों को सामाजिक भेदभाव, उत्पीड़न और उपहास से बचाने के निर्देश केंद्र व राज्यों को दिये। साथ ही कोर्ट ने इस वर्ग के अधिकारों के प्रति जनता को जागरूक करने पर भी बल दिया ।बहरहाल, समलैंगिक विवाह को मान्यता के सवाल को शीर्ष अदालत ने संसद के जिम्मे छोड़ दिया है। लेकिन इस मुद्दे पर समाज में राय बनाने की जरूरत है कि समलैंगिकता एक बायोलॉजिकल स्थिति है। दरअसल, यह विषय भारतीय समाज में खासा विवादास्पद रहा है। एक वर्ग भारतीय संस्कृति का हवाला देकर इसे एक प्रकार की मानसिक विकृति बताता रहा है। केंद्र सरकार की ओर से भी इसे कुछ शहरी लोगों का शगल बताया गया और कहा गया कि ग्रामीण भारत में ऐसी स्थिति नजर नहीं आती। जिसके जवाब में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का कहना था कि समलैंगिकता शहरों तक सीमित नहीं है, गांव में खेत पर काम करने वाली महिला भी ऐसा दावा कर सकती है। बहरहाल, इस दौरान विशेष विवाह अधिनियम की संवैधानिकता को लेकर भी सवाल उठे। वहीं दूसरी ओर कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि समलैंगिकों को दिये जाने वाले अधिकारों और लाभों की पहचान करने के लिये कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाला पैनल बने। जिसके बाद इनके संयुक्त बैंक खाते खोलने, बीमा पॉलिसियों में भागीदारी, पेंशन व पीएफ के लाभों पर विचार हो सके।

# जनतंत्र को मजबूत भी बनायें ये चुनाव

**होना तो यह चाहिए था कि अपना 'अमृत-महोत्सव' मनाने वाला हमारा लोकतंत्र लोकतांत्रिक मूल्यों और मर्यादाओं को मज़बूती देते हुए दिखता, पर चुनावी बिसात पर सजे मोहरे बता रहे हैं कि सारा ज़ोर येन-केन-प्रकारेण मुकाबला जीतने का है। हम देख रहे हैं, और यह स्पष्ट कहा भी जा रहा है कि मैदान में उन्हीं उम्मीदवारों को उतारा जा रहा है, जिनके जीतने की उम्मीद सबसे ज़्यादा है। यहां तक तो बात फिर भी ठीक लगती है, पर उम्मीद पूरी करने के अराजक तौर-तरीकों का स्वीकार लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरे की घंटी ही माना जाना चाहिए। यह घंटी बज रही है, ज़ोरों से बज रही है, पर क्या हम इसे सुन रहे हैं?**



यूं तो पिछले एक अर्से से हमारा देश 'चुनावी मोड' में ही चल रहा है, पर अब तो आम चुनाव से पहले के सेमीफाइनल की बाकायदा घोषणा भी हो गयी है। शंखनाद हो चुका है। दिसंबर तक पांच राज्यों में नयी सरकारें भी बन ही जाएंगी। सवाल यह नहीं है कि कौन जीतेगा या कौन हारेगा, सवाल यह है कि इन चुनाव के बाद हमारा जनतंत्र कुछ मज़बूत होगा या कमजोर?हम जनतंत्र का अमृत महोत्सव मना चुके हैं। अब हमारा अमृत-काल चल रहा है। क्या मतलब होता है इस अमृत-काल का, यह तो वही जाने जिन्होंने यह जुमला उछाला है, पर यह तय है कि जुमलेबाजी हमारी राजनीति का एक महत्वपूर्ण हथियार बन गयी है। पिछले आठ-दस सालों में हमने इस हथियार की धार भी देख ली है। होना तो यह चाहिए था कि अपना 'अमृत-महोत्सव' मनाने वाला हमारा लोकतंत्र लोकतांत्रिक मूल्यों और मर्यादाओं को मज़बूती देते हुए दिखता, पर चुनावी बिसात पर सजे मोहरे बता रहे हैं कि सारा ज़ोर येन-केन-प्रकारेण मुकाबला जीतने का है। हम देख रहे हैं, और यह स्पष्ट कहा भी जा रहा है कि मैदान में उन्हीं उम्मीदवारों को उतारा जा रहा है, जिनके जीतने की उम्मीद सबसे ज़्यादा है। यहां तक तो बात फिर भी ठीक लगती है, पर उम्मीद पूरी करने के अराजक तौर-तरीकों का स्वीकार लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरे की घंटी ही माना जाना चाहिए। यह घंटी बज रही है, ज़ोरों से बज रही है, पर क्या हम इसे सुन रहे हैं? सच बात तो यह है कि हम शायद इसे सुनना भी नहीं चाहते।

जनता के शासन का नाम है जनतंत्र। जनता का, जनता के लिए, जनता के द्वारा शासन। चुनावों का होना या फिर वोट देना मात्र ही इस बात का प्रमाण नहीं है कि हमारा जनतंत्र फल-फूल रहा है। वोट मांगने वाले और वोट देने वाले, दोनों, का दायित्व बनता है कि वह जनतंत्र की इस पूरी प्रक्रिया में ईमानदारी से हिस्सा लें। आज हमें स्वयं से यह पूछने की आवश्यकता है कि क्या हमारी राजनीति में ईमानदारी नाम की कोई चीज बची है? झूठे वादे करना, धर्म और जाति के नाम पर मतदाताओं को बरगलाना, आधारहीन आरोपों के शोर में विवेक की आवाज़ को दबा देना, यह सब तो जनतंत्र नहीं है।

दुर्भाग्य यह भी है कि जनतांत्रिक मूल्यों के नकार के इस खेल में कोई पीछे रहना नहीं चाहता। सब अपने-अपने महिमा-मंडन में लगे हैं। आत्म-प्रशंसा से लेकर पर- निंदा तक फैला हुआ है हमारा बदरंग इंद्रधनुष। होना तो यह चाहिए कि राजनीतिक दल अपनी-अपनी रीति-नीति का ब्योरा लेकर जनता के पास जाएं, पर हमारी समूची राजनीति 'पहले की सरकारों' को कोसने से लेकर अपना ढोल बजाने तक सीमित होकर रह गयी है। जो अपने आप को जितना बड़ा नेता समझता-कहता है, वह उतने ही ज़ोर से विरोधी पर लांछन लगाने में लगा है। अपेक्षित तो यह है कि सत्ता-पक्ष चुनाव के मौके पर अपनी उपलब्धियों का लेखा-जोखा मतदाता के समक्ष प्रस्तुत करे और विपक्ष सत्ता-पक्ष की कमज़ोरियों और अपनी रीति-नीति के बारे में बताए। बताए कि वह कैसे और क्या बेहतर करेगा। लेकिन ऐसा कुछ होता दिख नहीं रहा। चुनाव के संदर्भ में जो हो रहा है वह एक तो यह है कि विरोधी को नीचा दिखाने की कोशिश और दूसरे रेवड़ियां बांटने की प्रतिस्पर्धा। बड़ी बेशर्मी से मतदाता को लुभाने की होड़-सी लगी है।

एक और प्रवृत्ति जो पिछले एक अर्से से हमारी राजनीति में पनपी है वह मतदाता को अपमानित करने वाली है। हमारे राजनेताओं ने मान लिया है कि देश का मतदाता कुछ रुपयों से खरीदा जा सकता है। दो तरीकों से मतदाता को रुपये बांटे जा रहे हैंङ्कएक तो यह कि चुनाव के मौके पर नोट के बदले वोट दिया जाये और दूसरे वैध तरीके से कभी बेटियों के नाम पर, कभी माताओं-बहनों को नगद राशि दी जाये। स्कूलों में बच्चों की फीस माफ हो, गैस-बिजली आदि की दरें कम की जाएं, सस्ती दरों पर जरूरतमंदों को अनाज बांटा जाये, यह तो फिर भी समझ में आता है, पर यह समझना मुश्किल है कि लाभार्थियों के खातों में पैसे जमा करना रिश्वत नहीं तो और क्या है? रिश्वत लेना या देना अपराध है पर यह अपराध हमारे राजनीतिक दल खुलेआम कर रहे हैं। न उन्हें कोई सज़ा मिलती है और न उन्हें कोई डर है इसका। था एक ज़माना जब मतदान की यज्ञ से तुलना की जाती थी और वोट को तुलसी-दल की पवित्रता प्राप्त थी। अब तो यह चुनाव ऐसी लड़ाई बन गया है जिसमें सब कुछ जायज मान लिया गया है। यहां तक कि विरोधी को अपशब्द कहते हुए भी किसी को कोई शर्म नहीं आती। बहुत पुरानी बात नहीं है जब संसद तक में ऐसे शब्द काम में लिये गये थे, जो किसी भी सभ्य समाज में उचित नहीं माने जा सकते। इसमें संदेह नहीं कि चुनाव जीतने के लिए ही लड़े जाते हैं, पर किसी भी कीमत पर जीत हमारे जनतंत्र को खोखला ही बनायेगी। संप्रदायवादी ध्रुवीकरण और अवसरवादी राजनीति के सहारे खड़ा किया गया सत्ता का महल भीतर से खोखला ही होता है, यह बात हमारे राजनीतिक दलों को समझनी ही चाहिए। हमारे राजनेताओं को भी यह सीखना होगा कि इस तरह की अनैतिक राजनीति उन्हें तात्कालिक सफलता भले ही दे दे, पर इस राजनीति का ज़हर हमारे जनतंत्र को असाध्य बीमारी का शिकार बना देगा। इस बीमारी से देश को बचाना हमारे अस्तित्व की शर्त है, जनतंत्र के बने रहने की शर्त है।

अभी पांच राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, फिर लोकसभा के लिए चुनाव होंगे। चुनाव के इस माहौल में यह बात समझना ज़रूरी है कि चुनाव जीत कर सरकार बनाने में सफलता ही जनतंत्र की सार्थकता नहीं है। यह सार्थकता तभी उजागर होगी जब मतदाता के पास चुनने का अधिकार ही नहीं, अवसर भी होगा। सांपनाथ और नागनाथ में से चुनने की विवशता कुल मिलाकर जनतंत्र का नकार ही है। इसका सीधा-सा मतलब यह है कि एक तरह की राजनीतिक बेईमानी का शिकार हो रही है हमारे देश की जनता। इस स्थिति से उबरने का रास्ता भी हमारे बड़बोले राजनेता अथवा घटिया राजनीति नहीं खोजेगी। मतदाता को स्वयं खोजना होगा यह रास्ता। अपने विवेकपूर्ण निर्णय से ही देश का मतदाता उस लक्ष्य तक पहुंचा सकता है जो किसी भी सुव्यवस्था के लिए अपेक्षित है ।आने वाले कुछ दिन राजनीति का घटिया खेल खेलने वाले राजनेताओं द्वारा मतदाता को बरगलाने की कोशिश का अवसर हैं। लच्छेदार भाषा में अपना ढोल पीटने वाले राजनीति के ठेकेदारों को यह समझाने का अवसर भी यही है कि कुछ समय के लिये कुछ लोगों को भले ही मूर्ख बनाया जा सके, पर हमेशा सबको मूर्ख नहीं बनाया जा सकता। यह बात मतदाता और राजनेताओं, दोनों, को समझनी है। यह समझ जितनी जल्दी आ जाये, जनतंत्र के स्वास्थ्य के लिए उतना ही बेहतर है।

# मध्य प्रदेश के लिए चुनावी बिगुल, मोदी मैजिक का इंतजार..!

भाजपा ने मोदी की चिट्ठी एमपी के नाम जारी की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के नाम एक चिट्ठी लिखकर प्रदेशवासियों से विधानसभा चुनाव में डबल इंजन सरकार के नाम पर समर्थन मांगा है। उन्होंने लिखा है कि मुझ तक अपना समर्थन पहुंचाएं ।इस पत्र के माध्यम 2003 के पहले की दिग्विजय सरकार और केंद्र में रही मनमोहन सरकार पर भी पीएम मोदी ने निशाना साधा है ।साथ ही मोदी ने शिवराज सरकार में हुए विकास कार्यों का जिक्र भी अपने इस पत्र में किया है। मोदी का ये पत्र जनता को कितना प्रभावित करता है ये तो चुनाव परिणाम बताएगा। लेकिन पीएम की इस भावनात्मक चिट्ठी ने एमपी के चुनावी माहौल को और गरम कर दिया है। दूसरी ओर इससे एक बार फिर ये साबित हो गया है कि भाजपा 2023 का चुनाव सिर्फ मोदी के चेहरे के भरोसे ही लड़ेगी। मैं जब भी मध्यप्रदेश आता हूं आपके मन में मेरे प्रति इतना। प्रेम देखकर मुझे अपार ऊर्जा मिलती है। आज मध्यप्रदेश विकास की राह पर जिस गति से आगे बढ़ रहा है, वह हमारे लिए अत्यंत हर्ष की बात है। पिछले 20 वर्षों में मध्यप्रदेश बीमारू राज्य के अपने अतीत से निकलकर सशक्त समृद्ध और स्वावलंबी बना है। कौन भूल सकता है 2003 से पहले के मध्यप्रदेश को, जहां बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। पिछले 20 वर्ष से जो भरोसा आपने हम पर दिखाया है, उसके चलते मध्यप्रदेश देश की टॉप 10 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है! इन 20 वर्षों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भाजपा सरकार की अथक मेहनत के परिणाम स्वरूप आज मध्यप्रदेश में हुए पांच लाख किलोमीटर से अधिक सड़कों के निर्माण 16त्न से अधिक आर्थिक विकास दर 65 लाख से अधिक घरों में नल से जल 28,000 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन को देखकर मुझे गर्व की अनुमति हो रही है ।यह 20 वर्ष न सिर्फ मध्यप्रदेश के विकास के रहे हैं। बल्कि यह आपके हम पर विश्वास के भी रहे हैं। आज मध्य प्रदेश का विकास मॉडल पूरे देश के लिए गरीब कल्याण महिला उत्थान एवं समग्र प्रोत्साहन का मॉडल बन गया है। भाजपा सरकार ने अपनी गरीब कल्याण के संकल्प की सिद्धि के लिए मध्यप्रदेश के हर वंचित के लिए अनगिनत योजनाएं चलाई हैं, जिनके चलते आज मध्यप्रदेश में एक करोड़ 36 लाख से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। महिला कल्याण के प्रति समर्पण भाव रखते हुए हमने लाडली बहनों और लाड़ली लक्ष्मियों की उन्नति के लिए निरंतर काम किया है। आज मध्यप्रदेश के किसानों, दलितों, आदिवासियों और युवाओं का वर्तमान विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के चलते बेहतर हुआ है और उनके सामने एक उन्नत भविष्य रहा देख रहा है। वर्ष 2014 से पहले केंद्र की कांग्रेस सरकार के सौतेले व्यवहार के कारण मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार को जनकल्याण एवं प्रदेश के विकास में अनेक कठिनाइयां आती थी। आज पूरा देश साक्षी है कि 2014 के बाद केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद मध्यप्रदेश के भीतर एक नई क्षमता का विस्तार हुआ और हमने मिलकर जहां मध्यप्रदेश को एक उज्जवल भविष्य दिया ।वहीं, अपने गौरवशाली इतिहास को भी सहेजा है ।यह आपके और डबल इंजन सरकार की अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि मध्यप्रदेश भारत के टॉप 3 अर्थव्यवस्था वाले राज्यों में शामिल होने की राह पर तेजी से बढ़ रहा है। मेरा सदा से मध्यप्रदेश के साथ यह विशेष जुड़ाव रहा है, जिसके चलते आपने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मुझे असीम स्नेह देते हुए भाजपा को अभूतपूर्व विजय दिलाई थी।



**पंकज कुमार मिश्रा,**
**मिडिया विश्लेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी**

**मैं जब भी मध्यप्रदेश आता हूं आपके मन में मेरे प्रति इतना। प्रेम देखकर मुझे अपार ऊर्जा मिलती है। आज मध्यप्रदेश विकास की राह पर जिस गति से आगे बढ़ रहा है, वह हमारे लिए अत्यंत हर्ष की बात है। पिछले 20 वर्षों में मध्यप्रदेश बीमारू राज्य के अपने अतीत से निकलकर सशक्त समृद्ध और स्वावलंबी बना है।**

ये जो गुनाह हुआ मोहब्बत का
ऐसे तो नही हुआ होगा
किसी से तो इश्क़ हुआ होगा।
तभी गुनाह हुआ होगा मोहब्बत का।
कुछ तो चाहत होगी दिल में
कुछ तो अपनापन होगा मन में
तभी गुनाह हुआ होगा मोहब्बत का।
कुछ तो सोचा होगा दिल से
कुछ तो चाहा होगा मन से
तभी गुनाह हुआ होगा मोहब्बत का।
कुछ तो रूह में हुआ होगा
कुछ तो सुकू में खलल हुआ होगा
तभी गुनाह हुआ होगा मोहब्बत का।



**डॉ राजीव डोगरा**
(युवा कवि व लेखक)
कांगड़ा हिमाचल प्रदेश

## चंदू चैंपियन' में कार्तिक आर्यन बिल्कुल नए अवतार में नज़र आएंगें



साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'चंदू चैंपियन' में बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन बिल्कुल नए अवतार में नज़र आएंगे। फिल्म के पोस्टर में कार्तिक आर्यन का इंटेंस लुक पहले ही लोगों को एक्साइट कर चुका है। अब फिल्म को लेकर एक ऐसी जानकारी सामने आई है जिसे सुनकर यकीनन सभी की धड़कने तेज हो जाएंगी। खबर है कि 'चंदू चैंपियन' के लिए एक 8 मिनट का सिंगल शॉट वॉर सीक्वेंस शूट किया गया है। इस सीक्वेंस की शूटिंग समुद्र तल से 9000 फीट की ऊंचाई पर हुई है और जो निश्चित रूप से एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव साबित होगा। यह फिल्म फिलहाल अपने दूसरे शेड्यूल में है और टीम के इस प्रयास का मुख्य आकर्षण 1965 की लड़ाई का इतने बड़े पैमाने पर फिल्मांकन था जो सिंगल शॉट एक्शन सीक्वेंस के लिए शानदार है। इस सीक्वेंस को जम्मू-कश्मीर की खूबसूरत अरु घाटी में शूट किया गया है जो समुद्र तल से 9000 फीट की ऊंचाई पर है, जहां टीम द्वारा एक बड़ा आर्मी कैंप बनाया गया था। कबीर खान द्वारा निर्देशित इस फिल्म की कहानी हार न मानने की असाधारण असल जिंदगी की कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ विजय राज और भुवन अरोड़ा भी अहम भूमिका में नज़र आएंगे। 'चंदू चैंपियन' 14 जून 2024 को रिलीज होगी।

**प्रस्तुतिःकाली दास पाण्डेय**

# मॉडर्न डाटा एनालिटिक टूल्स से टैक्सचोरी पकड़कर गिरफ्तारी होगी



वैश्विक स्तरपर विकसित देशों सहित अनेक देशों में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का सिस्टम लागू है। भारत में भी लंबी अवधि के कई वर्षों की जद्दोजहद के बाद संसद का विशेष सत्र बुलाकर वर्ष 2017 में देर रात्रि जीएसटी विधायक को कानूनी रूप दिया गया था, जो कानून बनकर लागू हुआ था, उसमें जीएसटी काउंसिल का प्रयोजन भी किया गया था जिसकीअध्यक्ष केंद्रीय वित्तमंत्री और अन्यसदस्यों में सभी राज्यों, केंद्र शासितप्रदेशों के वित्तमंत्री अधिकृत अधिकारी सहित अनेक विशेषज्ञ लोग इसके मेंबर होंगे, जिनकी सभा लेकर समय व परिस्थितियों के अनुसार धाराओं को चेंज कर उसमें संशोधन किया जा सकता है जीएसटी दर को भी चेंज किया जा सकता है। अब तक शनिवार दिनांक 7 अक्टूबर 2023 को जीएसटी काउंसिल की 52वीं बैठक को हमने देखे हैं। परंतु यह सर्वविदित है कि भारतीय बौद्धिक क्षमता इनकी सुदृढ़ है कि, किसी भी कानून का तोड़ निकाल ही लेते हैं, फिर सरकार उस कानून के लीकेजेस को देखते हुए संशोधन करती है। लेकिन अभी 2 दिन पहले जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशक ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के सितंबर 2023 तक के आंकड़े जारी कर कहा कि अब तक 1.36 लाख करोड़ की जीएसटी चोरी का पता लगाया गया है तथा इतने बड़े फ्रॉड को रेखांकित किया गया है, जिसे पकड़ने मॉडरेट एनालिटिक टूल्स का प्रयोग किया गया जिसे यह सुलझाना और टैक्स चोरों कोगिरफ्तार करने में सहायक साबित हुआ है ।मेरा मानना है किजीएसटी की मामूली चोरी को छोड़ दें तो 1.36 लाख करोड रुपए की इतनीं बड़ी जीएसटी चोरी बिना ऊपर के आशीर्वाद से और मिलीभगत से नहीं की जा सकती, जिसमें अकाउंटेंट से लेकर भिन्न लेवल के टैक्स विशेषज्ञों के शामिल होने से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि बिना उनके मिलीभगत से इतनी बड़ी चोरी संभव नहीं है या फिर हम कर सकते हैं कि संबंधित अधिकारियों को इस चोरी के गलियारे का पता लगाने की बौद्धिक क्षमता नहीं है तो उसे वॉलंटरी रिटायरमेंट देने पर विचार करने की जरूरत है, क्योंकि चोरी को सख्ती के बल पर रोका जा सकता है जो राष्ट्र के विकास में जरूरी है। चूंकि वित्त मंत्रालय ने 1.36 लाख करोड़ कि जीएसटी, मात्र चालू वित्त वर्ष में बताई गई है तो इसके पीछे अभी शायद कहीं गुना होगी जो पकड़ में नहीं आ रही होगी या फिर मिली भगत वाला बैंड बाजा भी हो सकता है, क्योंकि सुर ताल से ही संगीत की सफलता होती है,यह अधिकारियों और करचोरों के बीच होता है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से, इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेजीएसटी चोरी अक्सर परिचित भोले भाले व्यक्तियों को नौकरी कमीशन बैंक ऋण का प्रलोभन देखकर वाईसी दस्तावेज से फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट से करना आम बात है ।साथियों बात अगर हम वित्त मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी से जीएसटी चोरी संबंधी डाटा की करें तो,माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के आसूचना अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष में अब तक 1.36 लाख करोड़ रुपये की कर चोरी का पता लगाया है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कर चोरी से निपटने के लिए जीएसटी आसूचना महानिदेशालय देश भर में अपने खुफिया नेटवर्क का उपयोग करने के अलावा डेटाविश्लेषण के लिए उन्नत उपकरणों के माध्यम से विशेष रूप से कर चोरी के नए तरीकों की खुफिया जानकारी पता करता है। जीएसटी अधिकारियों ने वित्त वर्ष 2022-23 में लगभग एक लाख करोड़ रुपये की कर चोरी का पता लगाया था. चालू वित्त वर्ष के छह महीनों के अंदर ही कर चोरी ने पिछले समूचे वित्त वर्ष का आंकड़ा पार कर लिया है। मंत्रालय ने कहा, कुल मिलाकर वित्त वर्ष 2023-24 में कुल जीएसटी चोरी (नकली आईटीसी सहित) के रूप में 1.36 लाख करोड़ रुपये का पता चला है, इसके एवज में 14,108 करोड़ रुपये का स्वैच्छिक भुगतान किया गया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने चालू वित्तवर्ष (2023-24) में अब तक 14,000 करोड़ रुपये के कुल 1,040 फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट मामलों का पता लगाया है. अब तक फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का दावा करने वाले 91 धोखेबाजों को पकड़ा जा चुका है। बयान में बताया गया है कि जीएसटी चोरी के खतरे से निपटने के लिए डीजीजीआई देशभर में अपने खुफिया नेटवर्क का उपयोग करने के अलावा डेटा विश?लेषण के लिए उन्नत उपकरणों के माध्यम से, विशेष रूप से कर चोरी के नए क्षेत्रों में खुफिया जानकारी विकसित करता है ।कुलमिलाकर 2023-24 में समग्र जीएसटी चोरी (फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट सहित) और रुपये के स्वैच्छिक भुगतान के रूप में 1.36 लाख करोड़ रुपये का पता चला है परिणामस्वरूप 14,108 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है ।जून 2023 से डीजीजीआई ने देशभर में सक्रिय मास्टरमाइंडों और विघटनकारी सिंडिकेट्स की पहचान करने और उन्हें पकड़ने पर विशेष जोर दिया है। बयान में कहा गया है कि उन्नत तकनीकी उपकरणों की सहायता से डेटा विश?लेषण का उपयोग करके मामलों को सुलझाया गया है, जिससे कर चोरों की गिरफ्तारी हुई हैज्.जीएसटी अधिकारियों ने इस वित्तीय वर्ष 2023 के शुरुआती छह महीनों के भीतर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की चोरी के मामलों की पहचान की है

**किशन सनमुखदास भावनानी**

## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**
**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

फोन नं.- 9335908846, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।**

**-सम्पादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सम्पर्क करें -:**
मो.: 8423454502, 9335908846
email:bps.knp786@gmail.com

# नकाबपोश गुंडों संग पुलिस ने खाली कराया मकान

## –सड़क पर सामान फेंका, महिलाओं और बच्चों को खींचकर बाहर निकाला



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। नकाबपोश गुंडों के साथ एक विवादित मकान को खाली कराया।

इस दौरान पुलिस खड़े होकर तमाशा देखती रही और गुंडों ने आरती मेहरोत्रा के परिवार व पूरी गृहस्थी निकालकर सड़क पर फेंक दिया। विरोध करने पर महिलाओं और बच्चों से मारपीट व अभद्रता की।

पीड़ित परिवार पुलिस के सामने गिड़गिड़ाता रहा। लेकिन किसी ने एक नहीं सुनी। पूरे मामले का वीडियो भी सामने आया है। इसमें दिखाई दे रहा है कि लाठी-डंडा लेकर नाकाबपोश युवक और महिलाएं मकान में घुस रही है। घर में पहले से मौजूद महिला से हाथापाई कर रही है। पुलिसकर्मी फोन से युवक का वीडियो बना रहा है। घटना बुधवार रात नौबस्ता थाना क्षेत्र की है ।किदवई नगर वाई ब्लॉक निवासी आरती मेहरोत्रा ने बताया कि उनके पति आलोक मेहरोत्रा उनकी व बच्चों की देखरेख नहीं करते थे।

इस बात को लेकर दोनों में अनबन रहती थी। इसी का फायदा उठाकर उनके पति और जेठ समेत परिवार के अन्य लोगों ने सस्ते दामों में साल 2015 बिल्डर मनोज अग्रवाल को बेच दिया था। जबकि पत्नी मकान नहीं बेचना चाहती थीं। इसके चलते उन्होंने प्रॉपर्टी को लेकर कोर्ट में केस कर रखा था। इसके चलते बिल्डर को मकान पर कब्जा नहीं मिल पा रहा था ।आरती मेहरोत्रा ने बताया कि कोर्ट में वाद दाखिल होने के बाद भी नौबस्ता थाना के विराट नगर चौकी इंचार्ज नंदू सिंह फोर्स के साथ पहुंचे। उनके साथ में मौजूद बिल्डर के नकाबपोश गुंडों ने मकान में घुसकर गृहस्थी निकालकर सड़क पर फेंक दिया। विरोध करने पर परिवार से मारपीट और अभद्रता की ।पुलिस ने मकान खाली कराने के लिए पूरी प्लानिंग से काम किया। आरती के लापता पति को तलाश कर अपने साथ लेकर पहुंची। आरती ने मकान खाली करने का विरोध किया तो विराट नगर चौकी इंचार्ज ने उनका मौके से वीडियो बनाया। जिसमें वो कह रहे हैं कि हमने बिल्डर को मकान बेच दिया है। इसके बाद परिवार को जबरन खींचकर बाहर निकाल दिया।

# ईडी ने किया अपनी जमीनों पर दोबारा कब्जा

कानपुर। महाराजपुर थाना क्षेत्र के पुरवामीर स्थित 150 बीघा लगभग पोल स्टार शाइन सिटी की जमीन जब्त किया गया ।2019 के पहले 150 के लगभग दाखिल खारिज हुए थे हाल ही में किये प्लाटों की दाखिल खारिज रद्द करने के लिए निर्देशित किया गया है। जानकारी के अनुसार प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि साइन सिटी का मालिक राशिद नसीम देश के बाहर है उसका भाई आसिफ नसीम जेल में है ।68 हजार करोड़ के शाइन सिटी घोटाले का मुख्य आरोपी राशिद नसीम दुबई में बैठे-बैठे कानपुर में जमीन बेच रहा है। वह परिवर्तन निदेशालय द्वारा जब्त जमीनों का अवैध तरीके से सौदा कर रहा इसका खुलासा होने के बाद ईडी सक्रिय हो गई जब्त कि जमीनों को अवैध तरीके से बेचे जाने कि सूचना के बाद गुरुवार को ईडी कि टीम लखनऊ से कानपुर के नरवल तहसील पहुंची ईडी ने उन जमीनों कि दोबारा पैमाइस करवा कर अपना बोर्ड लगा दिया।

# बच्चों में कुपोषण को खत्म करने का रिसर्च हुआ सफल : डॉ. यशवंत राव

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग के प्रोफेसरों ने कुपोषित बच्चो के कुपोषण को खत्म करने का एक महत्वपूर्ण और सटीक डाइट ढूढ़ लिया साथ ही उस डाइट को अंतरराष्ट्रीय पेटेंट भी करा लिया जिसका नाम अमृत डाइट दिया गया,जो कि अब बच्चो के अति कुपोषण को खत्म करने करने में बहुत ही ज्यादा सहायक साबित होगा।

इस बारे अधिक जानकारी पूर्व बाल रोग विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. यशवंत राव,वर्तमान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विभाग डॉक्टर अरूण आर्या ने दी ।डॉ. यशंवत राव ने बताया कि यूनीसेफ की एक रिपोर्ट के मुताबित देश में पांच वर्ष से कम लगभग 58 लाख से भी अधिक बच्चे अति कुपोषण के शिकार हुए है, जो कि लगभग देश का 7 प्रतिशत है। डब्लूएचओ और यूनीसेफ द्वारा ( आरयूटीएफ) यानी रेडी टू यूज थरेपी डाइट जिसके लगभग 5 से 7 पैकट बच्चो के वजन के अनुसार खिलाए जाते है। उन्होंने बताया कई मां बाप बहुत गरीब है जिनके बच्चो को सही खान पान नही दे पाते। ऐसी महंगी डाइट को नही ले सकते है। अति कुपोषण को दूर करने के लिए वर्ष 2014 में तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ. रोशन जैकब से इस बारे बात हुई तो उन्होंने शोध करने को कहा और उसका नाम अमृत डाइट दिया। इसके बाद प्राचार्य डॉक्टर संजय काला ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए अतंरराष्ट्रीय स्तर पर पेटेंट कराने को कहा जिसकी प्रक्रिया शुरू की गई।

डेढ़ वर्ष बाद बच्चो को कुपोषण के बचाव की विधि को पेटेंट मिल पाया ।डॉ. राव ने बताया कि इस डाइट को बनाने के लिए भुनी मूंगफली, भूना चना, देशी धी या नारियल का तेल व दूध पाउडर जिसकी मात्रा 100 ग्राम रख कर उसे घर पर ही बना कर बच्चो को खिला कर उनका कुपोषण दूर कर सकती है। इसी क्रम में डॉ. अरूण आर्या ने बताया कि बाहर निजी कंपनियों द्वारा बेचे जाने वाले डाइट पाउडर गरीब लोगो की पहुंच से बाहर होता है। गरीब बच्चो को भरपूर डाइट मिले इसके लिए बहुत कम कीमत पर महिलाएं उसे अपने घर में बना सकती है। साथ ही वर्तमान सरकार भी कुपोषण को खत्म करने पर जोर दे रही है। जिसके क्रम में यह शोध बहुत ही कारगर मील का पत्थर साबित होगा। अमृत डाइट का पेटेंट मिलने के डॉ. यशवंत राव व डॉ. अरूण आर्या ने प्रेसवार्ता कर 卐अमृत卐 डाइट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुपोषण को दूर करने और महिलाओ को सशक्त बनाना ही मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर कालेज मीडिया प्रभारी एवं स्त्री एवं प्रसूती रोग की आचार्य डॉ. सीमा द्विवेदी मौजूद रही।

# लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाओ योजना के तहत घर-घर जाएंगे-फजल महमूद



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के जोनल तथा फ्रंटल प्रभारी एवं विधानसभा अध्यक्ष व वार्ड अध्यक्षों तथा बूथ प्रभारियों की एक बैठक आज दिन में 4:00 बजे सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय 7 नवीन मार्केट में आरंभ हुई बैठक का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया बैठक में सर्वसम्मत से तय हुआ की 27 अक्टूबर से कानपुर महानगर की पांचो विधानसभा क्षेत्र के 1606 वोटो के प्रभारी गण अपने-अपने बूथों के निवासियों के घर-घर जाकर फॉर्म 6 भरवा कर मतदाता सूची में नाम बढ़ाने का कार्य करेंगे और बीएलओ को फॉर्म के साथ सूची देंगे इससे पांचो विधानसभा क्षेत्र कैंट आर्य नगर गोविंद नगर सीसामऊ किदवई नगर में इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्ययों से मिलकर 18 वर्ष की उम्र के छात्रों को मतदाता बनाने के लिए अभियान चलाएंगे और 2024 के चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान का करने का आवाहन करेंगे

बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि मिट्टी के बरतन तथा मूर्ति निर्माणक दस्तकारों को नगर निगम फुटपाथों पर मूर्ति विक्रय हेतु स्थान सुनिश्चित करें इससे 2 लाख कामगारों को रोजगार मिलेगा बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री के के शुक्ला महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू विधानसभा अध्यक्ष आकाश यादव यस एहसास बाबी नंदलाल जायसवाल अनुराग मिश्रा राहुल यादव बलवंत सिंह राजेंद्र जैसवाल मोहम्मद रिजवान संदीप तिवारी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कृषि स्नातक की पढ़ाई करने वाले छात्र एवं छात्रा देश की सीमा के बनेंगे प्रहरी

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। बताते चलें की प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है अगर इरादा पक्का हो और लक्ष्य निर्धारित कर कोई तैयारी करें तो एक दिन वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है। ऐसे ही प्रतिभाशाली छात्र पंकज कुमार तथा प्रियंका यादव कृषि स्नातक की पढ़ाई कर देश की सेवा का अपने मन में जज्बा लिए सेना में नौकरी करने का मन बनाया। उन्होंने तैयारी की सारी बधाओं को पार किया और वह दिन आ ही गया जब अकादमी से उनको जॉइनिंग पत्र प्राप्त हुआ। यह चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत ही गौरव की बात है की इस शिक्षा के मंदिर से स्नातक की डिग्री प्राप्त कर मनोज कुमार ने स्पेशल एन सी सी एंट्री के माध्यम से सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हुए है। यह उनका जज्बा ही है कि कृषि स्नातक की डिग्री प्राप्त कर किसनों की सेवा करने के बजाय उन्होंने देश का प्रहरी बनकर देश की सेवा करने का फैसला किया। इसी प्रकार बिटिया प्रियंका यादव ने भी नीट के माध्यम से सेना के नर्सिंग विंग में लेफ्टिनेंट पद को हासिल किया है। डॉक्टर सी एल मौर्य ने जो डीन एग्रीकल्चर के दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं बहुत ही प्रसन्नता से बताया कि उन्हें छात्र-छात्राओं के काबिलियत के ऊपर गर्व है आने वाले दिनों में जिस प्रकार से कुलपति के कुशल दिशा निर्देशन में विश्वविद्यालय के पठन-पाठन की दिशा बदली है। उससे इस विश्वविद्यालय के छात्र छात्राएं कई क्षेत्रों में महारत हासिल करेंगे। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि कुलपति ने छात्र-छात्राओं के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। तथा उन्होंने कहा है कि दूसरे छात्र-छात्राओं को मनोज तथा प्रियंका से सीख लेते हुए आगे बढ़ाने की प्रेरणा लेनी चाहिए। अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉक्टर सी एल मौर्य ने भी प्रसन्नता जताते हुए उन्हें बधाइयां एवं शुभकामनाएं संप्रेषित किया है तथा उन्होंने अपने छात्र-छात्राओं पर और उनकी काबिलियत पर पूरा भरोसा जताया है और कहा है कि उनके चयन से संपूर्ण विश्वविद्यालय परिवार का मान सम्मान बढ़ा है उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की भी शुभकामनाएं दी।

# पांच सौ किग्रा नाजायज पटाखे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल द्वारा अपराध के रोकथाम हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस आयुक्त सेन्ट्रल, सहायक पुलिस आयुक्त स्वरूप नगर के कुशल निर्देशन एवं मुझ थानाध्यक्ष नजीराबाद के नेतृत्व में शांति व्यवस्था ड्यूटी के दौरान मुखबिर खास की सूचना अभियुक्त गुरमीत सिंह उर्फ काके जो खाने का होटल चलाता है अपने मकान कौशलपुरी में अन्दर एक कमरे में पटाखो का भण्डारण करके रखा है पर अभियुक्त उपरोक्त के घर से लगभग 500 कि0ग्रा0 नाजायज पटाखे बरामद किया गया एवं अभियुक्त उपरोक्त को अन्तर्गत धारा 5/9बी विस्फोटक अधिनियम 1884 में गिरफ्तार किया गया। पूंछतांछ में अभियुक्त उपरोक्त द्वारा बताया गया कि साहब दिवाली में फुटकर फुटकर बेचकर लाभ कमाने के लालच में आकर मै फंस गया इसलिए पटाखो को खरीद कर भण्डारण किया था जिसे दशहरा व दिवाली मे बेच कर लाभ कमाया जा सके। अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।



# वार्ड -90 दानाखोरी में अवैध कब्जे नहीं होने देंगे: आदर्श गुप्ता



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। हरबंश मोहाल क्षेत्र वार्ड-90 दानाखोरी में अवैध कब्जे नहीं होने देंगे यह बात पत्रकार वार्ता में पार्षद आदर्श गुप्ता ने कहीं ।

आगे कहाँ कि अभी कुछ दिनों पहले तेलियाना रोड के सामने आदि शक्ति दुर्गा मंदिर केनाल रोड के बगल में केडीए की खाली पड़ी जमीन पर कई सालों से पड़े मलवें को क्षेत्रीय नागरिकों के कहने पर मलवा हटवाकर साफ सफाई करवाई थी पर केडीए की खाली पड़ी जमीन पर बुरी नजर रखने वाले लोग बिना पूछे चबूतरे व दीवार का निर्माण करा रहे थे खाली पड़ी जमीन को हथियाने के फिराक में लगे थे क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा जानकारी हमें दी गई और हमने तुरंत नगर निगम अधिकारियों व केडीए अधिकारियों से बातचीत कर के बॉबकट गाड़ी नगर निगम से मंगवाकर अवैध निर्माण को क्षेत्रीय जनता की देखरेख में तुड़वाया अवैध कब्जे को साफ कराया उन्होंने उपस्थित जनों से कहाँ कि वार्ड में कहीं भी कोई अवैध निर्माण कराये उसकी जानकारी दें उसका इलाज इसी तरह कराया जायेगा ।

# आईआईटी के पास जंगलों में लगी आग,दमकल की चार गाड़ियों ने पाया काबू




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र में आईआईटी के पास गुरुवार को जंगलों में आग लग गई। आग लगने की वजह हाईटेंशन लाइन से शॉर्ट सर्किट से बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग तेजी से जंगलों में फैल रही थी, जिसकी वजह से ऊंची लपट और आसमान की तरफ धुआं दिखाई दे रहा था। आग लगने की वजह से सड़क पर वाहनों की कतार लग गया।

आईआईटी के पास जंगल और झाड़ियों में लगी आग देखते ही देखते तेजी से फैलने लगी। आईआईटी गेट पर तैनात गार्ड ने डायल 112 नंबर पर आग लगने की सूचना दी। कुछ ही देर में मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंच गई। फायर कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन जंगल में आग तेजी से फैल रही थी। आग की ऊंची लपटे और आसमान में धुआं दिखाई दे रहा था। आग पर काबू पाने में एक घंटे का समय लग गया ।सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया की जंगल में तेजी से आग फैल रही थी। जंगल से सटे रियासी इलाकों में भी आग पहुंचने की संभावना थी, इसलिए मौके पर दमकल की चार गाड़ियां तत्काल पहुंची।

# लगा फ्री नेत्र परीक्षण शिविर, 23 को होंगे फ्री लैंस प्रत्यारोपण आपरेशन

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। दबोली दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित अनुचर सेवा संस्थान व आप और हम राष्ट्रीय भषटाचार अ्पराध मुक्त संगठन उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कनिका हास्पिटल हर्ष नगर के नेत्र सर्जन डॉ शरद बाजपेई के सानिध्य में नेत्र विशेषज्ञ डॉ एस के पाण्डे द्वारा मरीजों के आंखों की निशुल्क जांच कर चिन्हित मोतियाबिन्द के मरीजों का 23अकटूबर को कनिका हासपीटल हर्ष नगर में निशुल्क फेंको विधि से लैस प्रत्यारोपण बिना टांका बिना चीरा के डा शरद बाजपेई द्वारा निशुल्क किया जाएगा अधिकांश मरीजों को मधूमेह की शिकायत मिली उनके पर्दे कि जांच कनिका हासपीटल हर्ष नगर में की जाएगी ।डा एस के पाण्डे ने कहा कि मधूमेह से पीड़ित रोगी अपनी शुगर की जांच समय-समय पर कराए और अपनी शुगर को नियंत्रित रखें ।मंदिर प्रांगण में महंत अशोक दिक्षीत ने अपने आंखों की जांच करा कर तीन दिवसीय निशुल्क शिविर का शुभारंभ कियाऔर उन्होंने कहा कि कनिका हासपीटल हर्ष नगर के चिकित्सक पिछले कई सालों से मंदिर में निस्वार्थ भाव से आंखों की जांच कर चिन्हित मोतियाबिन्द नेत्र रोगियों का फी आपरेशन कर नेत्र ज्योति प्रदान कर रहे हैं उसके लिए अनुचर सेवा संस्थान के पदाधिकारियों का सराहनीय क़दम है ।परवाल 3नाखूना 2, मोतियाबिन्द 10मरीज लगभग 70 मरीजों के आंखों की जांच की गई। शिविर में मुख्य रूप से रमेश सिंहवानी, सिम्पल चौहान प्रतिभा गुप्ता सिमरजीत कोर सतीश रोचलानी विमला चौहान शशि श्रीवास्तव रंजना सेंगर रुबी गुप्ता आदि मौजूद थी।

# सेना ने ड्योढ़ी घाट पर चलाया विशेष स्वच्छता अभियान



कानपुर। भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ टी ए बटालियन 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने ड्योढ़ी घाट में स्वामी आत्म प्रकाश ब्रह्मचारी जूनियर हाई स्कूल मदारपुर के छात्रों के साथ मिलकर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर स्कूल प्रधानाध्यापक राम खिलावन तिवारी, अन्य अध्यापक गण एवं छात्र -छात्राओं के साथ मिलकर विशेष स्वच्छता अभियान जिसके तहत कचरा मुक्त घाट और और गंगा स्वच्छता के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया तथा साथ ही घाट की साफ सफाई की गयी। घाट पर पॉलिथीन और अन्य गंदगी को कूड़ेदान तक पहुंचाया गया। घाट पर सभी लोगों ने मिलकर कचरा मुक्त घाट एवं 卐नहीं रुकेंगे स्वच्छ करेंगे का संकल्प लिया। गंगा टास्क फोर्स के कमान अधिकारी कर्नल वेदव्रत वैद्य और कानपुर स्थित कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल अनूप कुमार ओझा के दिशा निर्देश पर विगत 5 सालों से गंगा स्वच्छता अभियान,पौधा रोपण, घाटो की गश्त, जारुकता अभियान निरंतर कर रही है, इस अवसर पर गंगा टास्क फोर्स से सूबेदार ललित मोहन, नायब सूबेदार टेक बहादुर थापा एवं अन्य जवान मौजूद रहे।

# शहर में रोज बिक रहा 55 किलो मादक पदार्थ

कानपुर। कानपुर में रोज 55 किग्रा मादक पदार्थों (चरस, गांजा) की बिक्री की जा रही है।इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर में किस कदर मादक पदार्थों की खपत बढ़ चुकी है। वहीं, रोज 20 किग्रा मादक पदार्थ की बिक्री अकेले काकादेव थाना क्षेत्र में हो रही है। चिंता का विषय यह है कि इसी थाना क्षेत्र की कोचिंग मंडी में प्रदेश भर से भारी संख्या में छात्र-छात्राएं अपना भविष्य संवारने आते हैं, लेकिन धुएं में गुम हो जा रहे हैं ।शहर में मादक पदार्थ के गोरखधंधे से जुड़े एक सूत्र ने बताया चरस, गांजे की खेप नेपाल, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा व बिहार से लाई जाती है। इसके बाद उसे डीलरों के माध्यम से शहर के उन हिस्सों में पहुंचाया जाता है, जहां इनकी ज्यादा खपत है।

# एडीजी जोन ने पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को किया नमन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, डॉ0 रामकृष्ण स्वर्णकार, पुलिस आयुक्त कानपुर कमिश्नरेट, प्रशान्त कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर व अन्य पुलिस जन द्वारा पुलिस लाइन कानपुर कमिश्नरेट में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। 卐पुलिस स्मृति दिवस'' के अवसर पर शहीद पुलिसकर्मियों के बलिदान को किया शत-शत् नमन ।

# मिशन शक्ति दीदी प्रोजेक्ट के तहत चला जागरूकता अभियान







**बीपीएस न्यूज**

पशुपतिनगर स्थित रामलीला मैदान थाना नौबस्ता में महिला सशक्तिकरण अभियान आयोजित किया गया जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही वहां के पार्षद श्री अभिनव शुक्ला एवं स्वास्थ्य कल्याण विभाग व क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों ने आपसी समनवय बनाकर महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व महिला संबंधी हेल्पलाइन नंबर अत्यंत महत्वपूर्ण विषय साइबर क्राइम के बारे में नौबस्ता थाने की एसआई प्रियंका चतुर्वेदी ने सशक्तिकरण मिशन के बारे में जागरूक किया। वहीं वार्ड नंबर 66 में महिला सशक्तिकरण अभियान चलाया गया जहां भजन कीर्तन के बाद महिलाओं को अपराध से संबंधित समस्याओं से बचने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर और सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया है यहां पर क्षेत्राधिकारी व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे। जिसमें साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आपको डरने और सहने की जरूरत नहीं है और उससे जुड़ी हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में भी जानकारी दी गई। जिससे वह अपनी समस्याओं का निराकरण कर सकें।

# भारतीय जनता पार्टी देश प्रगति की ओर आगे बढ़ रही है : प्रकाश पाल

## पीएम ने लगातार पिछड़े समाज को मान सम्मान स्वाभिमान के साथ प्रथम पंक्ति में खड़ा करने किया प्रयास

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर । बार-बार लगातार विपक्ष द्वारा झूठ बोलकर जनता में भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है अब समय आ गया है कि विपक्ष के झूठ पर पिछड़ा मोर्चा को विकास की चोट करके जनता के सामने सोशल मीडिया के माध्यम से सच्चाई को सामने लाना है । उक्त बात भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की सोशल मीडिया कार्यशाला में उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहीं । क्षेत्रीय मुख्यालय कानपुर में भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया की कार्यशाला पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए वंदे मातरम गान के साथ प्रारंभ हुई ।तीन सत्रों में आयोजित सोशल मीडिया की कार्यशाला के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए प्रकाश पाल ने भारतीय जनता पार्टी का इतिहास एवं विचार विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनसंघ से लेकर भाजपा तक दलित शोषित पिछड़ों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्मक मानव दर्शन पर लगातार काम करती आ रही है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास के साथ-साथ सर्वव्यापी सर्वस्पर्शी सर्वाग्रही एवं समावेशी के मूल मंत्र के साथ भारतीय जनता पार्टी देश की प्रगति की ओर आगे बढ़ रही है । नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार लगातार जनकल्याणकारी नीतियों एवं विकास करते हुए 2014 से लेकर 2023 तक काम करती चली आ रही है । कार्यशाला के द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए पिछड़ा मोर्चा उत्तर प्रदेश के महामंत्री विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान ने कहा कि देश की आजादी के बाद से 1998 से पूर्व तक सत्ता में रही सरकारों ने लगातार पिछडे समाज की अनदेखी करी कांग्रेस ने पिछडे समाज को लगातार बांट कर रखते हुए अपनी स्वार्थ सिद्धि करी वही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार पिछडे समाज को मान सम्मान स्वाभिमान के साथ-साथ अनेकों योजनाएं लाकर समाज की प्रथम पंक्ति में खड़ा करने का प्रयास किया है ।कार्यशाला के तृतीय सत्र को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया पिछड़ा मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक राहुल नागर नें सोशल मीडिया विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं कांग्रेस द्वारा देश के अंदर फैलाई जा रहे हैं भ्रम को तोड़ते हुए अपने समाज में जन-जन तक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पिछडे समाज के उत्थान को किये जा रहे कार्यों को सोशल मीडिया के माध्यम से हम सभी को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना है ।कार्यशाला की अध्यक्षता पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोज राजपूत एवं संचालन क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा ने किया । कार्यशाला का संयोजन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राम प्रसाद कनौजिया ने किया कार्यशाला में मुख्य रूप से पिछड़ा मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य सुरेंद्र बैथल अनुपमा लोधी अतुल कुशवाहा बालक राम सरस्वती वर्मा संजय विश्वकर्मा डॉ सी के साहू रमाकांत वर्मा एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे ।



## मछली तस्करों से यारी में कोहना इंस्पेक्टर लाइन हाजिर, अवधेश कुमार को दिया गया थाने का प्रभार

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर कमिश्नरी में बेलगाम हुए थाना प्रभारियों पर पुलिस कमिश्नर डॉ. आरके स्वर्णकार की नजर टेढ़ी हो गई है। गांजा तस्कर से यारी निभाने वाले काकादेव थानाप्रभारी के निलंबन के बाद अब मछली तस्करों से याराना निभाने वाले कोहना इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है ।उनके स्थान पर बाबूपुरवा में अतिरिक्त निरीक्षक के पद पर तैनात अवधेश कुमार को कोहना थाने का प्रभार सौंपा है। वहीं, पुलिस सूत्रों का कहना है कि अरुण कुमार पर अधिकारियों से आपराधिक घटना छिपाने, विवेचना में लापरवाही बरतने समेत कई गंभीर आरोप लगे थे। इसके चलते डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार ने प्रारंभिक जांच भी शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार डंपर ने कार को मारी टक्कर, मां-बेटे की दर्दनाक मौत

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । कानपुर के बिल्हौर में जीटी रोड पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इसमें तेज रफ्तार डंपर ने कार को टक्कर मार दी, जिसमें दो की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों का हटवाकर यातायात सुचारू कराया गया है ।जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के नासिरापुर गांव के सामने जीटी रोड पर हादसा हुआ है। इसमें आगरा निवासी मां सुनीता देवी (58) और बेटे रोहित (35) की मौत हो गई। दोनों कार में सवार होकर आगरा से कानपुर जा रहे थे। कार मृतक रोहित चल रहा था। दोनों का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# पिता की मौत के बाद खाते से निकाले 56.50 लाख, भाई ने अपनी बहन और महिला पर दर्ज कराई रिपोर्ट



> विपिन बजाज ने बताया कि वह तब से कई बार थाने में तहरीर दे चुके थे पर कोई कार्रवाई ही नहीं हुई। पुलिस कमिश्नर से गुहार लगाने के बाद गोविंदनगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

कानपुर में केशवनगर निवासी टीन के डिब्बों के कारोबारी विपिन बजाज ने सगी बहन, मकान के खरीदार महिला और बैंककर्मियों के खिलाफ गोविंदनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि पिता की मौत के बाद उनकी बहन ने मकान के खरीदार और बैंक कर्मियों से सांठगांठ कर फर्जी चेक के जरिये पिता के खाते से 56.50 लाख रुपये निकाल लिए।

कारोबारी विपिन बजाज ने बताया कि पिता रमेश कुमार ने रतनलाल नगर का एक मकान मार्च 2021 में दबौली निवासी पूर्णिमा सिंह को 48 लाख में बेचा था। आठ लाख नकद लिए थे और 40 लाख की पूर्णिमा ने चेक दी थी। 31 मार्च 2021 को पिता ने गुमटी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में चेक लगाया, जो बाउंस हो गया। इस बीच 30 अप्रैल 2021 को उनके पिता की बीमारी के चलते निधन हो गया।

**बहन नीति कपूर के खाते में ट्रांसफर किए गए रुपये**

उसके 14-15 दिन बाद पता चला कि पिता के नाम 40 लाख का चेक 12 मई 2021 को गुमटी नंबर पांच स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा खाते में लगाया गया, जिससे खाते में रुपये आए हैं, लेकिन अगले ही दिन उनके खाते से 41.50 लाख रुपये पूर्णिमा सिंह के खाते में पहुंच गए। वहीं तीन मई को 15 लाख रुपये उनकी सगी बहन नीति कपूर के खाते में ट्रांसफर किए गए हैं।

**प्लॉट पर कुछ व्यक्तियों ने कब्जा कर लिया है**

विपिन ने बताया कि दो लाख से अधिक की धनराशि जमा करने पर बैंक खाताधारक से संपर्क करता है, जोकि बैंक प्रबंधन द्वारा नहीं किया गया। उन्होंने मकान के खरीदार पूर्णिमा पर बहन नीतू और बैंक कर्मचारियों से सांठगांठ कर पिता के चेक पर फर्जी हस्ताक्षर के जरिये खाते से रुपये निकालने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उनके प्लॉट पर कुछ व्यक्तियों ने कब्जा कर लिया है।

## किसान आत्महत्या मामले मे भाजपा नेता ने अस्पताल से मांगी जमानत

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। किसान सुसाइड केस का मुख्य आरोपी घटना के 40 दिन बाद भी पकड़ से दूर है। लेकिन अग्रिम जमानत के लिए दिए गए शपथ पत्र के बाद पुलिस के होश उड़ गए हैं। इसमें भाजपा नेता आशु दिवाकर ने माइनर हार्ट अटैक आने की बात की गई है। वह रिजेंसी और फॉर्च्यून अस्पताल में इलाज करा रहा है ।भाजपा नेता आशु दिवाकर के खिलाफ सीजेएम कोर्ट ने शनिवार को सुनवाई के बाद कुर्की का नोटिस जारी कर दिया। पुलिस की तरफ से जांचकर्ता ने कोर्ट में इसके लिए एप्लिकेशन दी थी। उसमें कहा गया कि भाजपा नेता की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है और 1 लाख रुपए का इनाम घोषित है। इसके बाद कोर्ट ने कुर्की का नोटिस जारी किया। शपथ पत्र में आशु दिवाकर ने जानकारी दी है कि 13 सितम्बर को पुलिस ने उसकी पत्नी को उठा लिया था। उन्हें चार घंटे बैठा कर रखा। इसके कारण मुझे माइनर हार्ट अटैक आ गया ।जमीन हड़पने से हताश किसान बाबू सिंह की आत्महत्या प्रकरण में एडीजे 24 कोर्ट ने बाल संरक्षण आयोग के सदस्य एक लाख के इनामी डॉ. प्रियरंजन उर्फ आशु दिवाकर की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। इसके साथ लगे शपथपत्र की सूचनाओं पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जॉइंट सीपी ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं। चकेरी पुलिस शनिवार को आरोपित के खिलाफ धारा 82 ( फरारी) के आदेश प्राप्त करेगी ।पुलिस मामले में दो आरोपी राहुल जैन और मधुर पांडेय को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बाकी चारों आरोपी अभी तक फरार हैं।

## रेल ट्रैक पर दो वैगन पटरी से उतरे, छह घंटे बाधित रहा चंदारी-एफसीआई के बीच ट्रेन संचालन



कानपुर । कानपुर में चंदारी रेलवे स्टेशन से भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) गोदाम को जाने वाली रेल लाइन पर मालगाड़ी के दो वैगन बेपटरी हो गए। इससे करीब सात घंटे तक लाइन बाधित रही लेकिन मेन लाइन चालू होने से यात्री ट्रेनों पर असर नहीं पड़ा। एनसीआर के परिचालन विभाग ने जांच के आदेश दिए हैं। चंदारी से रूमा के बीच तीसरी नई रेल लाइन के कारण ट्रेन संचालन ठप नहीं हुआ ।शुक्रवार सुबह लगभग सवा पांच बजे जब मालगाड़ी का रैक वापस आ रहा था। तभी एफसीआई परिसर में उसके दो वैगन पटरी से उतर गए ।प्रेशर लो होने पर चालक को जानकारी हुई। कंट्रोल की सूचना पर एआरटी और राहत दल मौके पर पहुंचा और राहत कार्य शुरू हुआ। सुबह 11ः30 बजे ट्रैक सामान्य हुआ।

# धोखेबाज दुल्हन: पहले पति समेत दस को किया गया तलब, पुलिस को मोटर कंपनी के मालिक की भी तलाश, नोटिस जारी

**बीपीएस न्यूज**





> विवेचक थाना प्रभारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में शिवांगी उर्फ सविता के पहले पति बृजेंद्र, प्रेमी सोनू, करीबी मदन समेत दस लोगों को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। एक हफ्ते में थाने नहीं आए, तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कानपुर। कानपुर में इनकम टैक्स अफसर बनकर फजलगंज थाने में तैनात सिपाही जितेंद्र गौतम से शादी करके दस लाख की ठगी करने वाली धोखेबाज दुल्हन शिवांगी सिसौदिया उर्फ सविता के पहले पति, प्रेमी और एक करीबी समेत दस लोगों को नोटिस जारी कर विवेचक ने तलब किया है।

विवेचक ने सात दिन में पेश होने का निर्देश दिया है। इधर, पुलिस को एक मोटर कंपनी के मालिक की भी तलाश है। इस कंपनी के मालिक के बैक खाते में शिवांगी ने मोटी रकम ट्रांसफर की है। झांसी के खुशीपुरा कचहरी के पास रहने वाली शिवांगी सिसौदिया उर्फ सविता उर्फ पिंकी गौतम उर्फ सविता शास्त्री ने सिपाही से फेसबुक पर दोस्ती की ।फर्जी इनकम टैक्स अफसर बनकर सिपाही से शादी की। कार खरीदने व अन्य खर्चों के नाम पर दस लाख की चपत लगा दी। नजीराबाद क्षेत्र स्थित एक फ्लैट में पत्नी के साथ रहकर सिपाही ने एक दिन शिवांगी को उसके प्रेमी सोनू के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया था। इसके बाद शिवांगी उर्फ सविता की असलियत सामने आई थी।

नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया

सिपाही की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर नजीराबाद थाना पुलिस ने उसे जेल भेजा था। विवेचक थाना प्रभारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में शिवांगी उर्फ सविता के पहले पति बृजेंद्र, प्रेमी सोनू, करीबी मदन समेत दस लोगों को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। एक हफ्ते में थाने नहीं आए, तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## छात्र ने लगाया जय श्री राम का नारा तो भड़क गईं महिला प्रोफेसर, गेट आउट कह मंच से उतारा

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के एक कॉलेज में एक उत्सव के दौरान साथी छात्रों द्वारा 'जय श्री राम' के नारे का जवाब देने पर एक छात्र को मंच से उतरने के लिए कहा गया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किया जा रहा है, जिसमें एक शिक्षक छात्र को मंच छोड़ने के लिए कह रहा है। जानकारी के मुताबिक, यह घटना एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज में हुई, जहां एक सांस्कृतिक उत्सव चल रहा था। वायरल क्लिप के अनुसार, यह घटना तब हुई जब दर्शकों में से कुछ छात्रों ने 卐जय श्री राम卐 के नारे लगाए और जवाब में, मंच पर मौजूद छात्र ने माइक लिया और वही नारा लगाया। जल्द ही, पूरा सभागार भी इसमें शामिल हो गया और समवेत स्वर में नारा लगाने लगा।

इसके बाद, महिला प्रोफेसर ने मंच पर मौजूद छात्र को जाने के लिए कहा और कथित तौर पर कहा कि इस तरह के नारे नहीं लगाए जाने चाहिए क्योंकि यह कॉलेज में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम था। एक अन्य कथित वीडियो में, एक और प्रोफेसर अपने सहकर्मी के समर्थन में सामने आईं और उन्हें छात्रों को समझाते हुए देखा जा सकता है कि सांस्कृतिक उत्सव में किसी भी तरह की नारेबाजी न करें क्योंकि 卐हर कोई अच्छा समय बिता रहा है卐। वायरल वीडियो में उन्होंने कहा, 卐हम यहां कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम और कुछ अच्छे समय के लिए आए हैं, तो फिर 'जय श्री राम' के नारे क्यों लग रहे हैं। इसके पीछे कोई तर्क नहीं है। ये आयोजन तभी सफल हो सकते हैं जब आप अनुशासित हों। जैसे ही वीडियो वायरल हुआ और नेटिज़न्स ने इस पर अपना गुस्सा व्यक्त किया, पुलिस और पुलिस वैन को एबीईएस कॉलेज के बाहर तैनात देखा गया। घटना पर एक वीडियो बयान जारी करते हुए एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा, 卐एक वीडियो मेरे संज्ञान में आया है जहां कुछ छात्रों और संकाय सदस्यों को एक विषय पर असहमति व्यक्त करते देखा गया। जांच कमेटी गठित कर दी गई है और मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। जहां तक ??छात्रों का सवाल है, कॉलेज अधिकारी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेंगे।' इस बीच, दक्षिणपंथी संगठन हिंदू रक्षा दल (एचआरडी) की अध्यक्ष पिंकी चौधरी ने शनिवार को कॉलेज का दौरा करने का फैसला किया है।

# जाजमऊ आगजनी मामला: वेद का श्लोक पढ़ मांगा पीड़िता के लिए न्याय

## दो घंटे चली बहस में पांच गवाहों के बयान पढ़े

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।कानपुर के जाजमऊ आगजनी मामले में एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में अभियोजन ने अंतिम बहस शुरू कर दी। एडीजीसी ने बहस की शुरुआत कोर्ट में संस्कृत में लिखा वेद का श्लोक पढ़कर की और पीड़िता के लिए न्याय मांगा। लगभग दो घंटे तक चली बहस में अभियोजन ने थाने में एफआईआर लिखने वाले गवाह के अलावा पीड़िता, उसकी बेटी व दो बेटों के बयानों को कोर्ट के सामने पढ़ा।

साथ ही, यह साबित करने की कोशिश की कि गवाहों ने अभियुक्तों को घटनास्थल पर मौजूद और आग में उनकी गृहस्थी का सामान जलाते देखा था। शुक्रवार को भी बहस जारी रहेगी। एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने कोर्ट में भोजनावकाश के बाद लगभग ढाई बजे बहस शुरू की। सबसे पहले घटना की एफआईआर दर्ज करने वाले कांस्टेबल संजीव कुमार के बयान को पढ़कर घटना की पुष्टि की ।चश्मदीद और वादिनी के बेटे के बयान को कोर्ट के सामने रखाइसके बाद एक-एक कर वादिनी की पुत्री और घटना की चश्मदीद कनीज जेहरा के बयान, आगजनी व अभियुक्तों की मारपीट से घायल हुए वादिनी के बेटे शमसुल हसन के बयान, रिपोर्ट दर्ज कराने वाली पीड़िता नजीर फातिमा के बयान तथा घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचकर अभियुक्तों को देखने व घर में आग लगी देखने वाले चश्मदीद और वादिनी के बेटे मो. हसन के बयान को पढ़कर कोर्ट के सामने रखा।

**कब्जा न मिलने पर वादिनी के घर में आग लगा दी**

अभियोजन ने कोर्ट में यह साबित करने की कोशिश की कि किस तरह से सपा विधायक इरफान सोलंकी ने अपने भाई व सह अभियुक्तों के साथ मिलकर वादिनी के घर पर आग लगा दी। अचानक पहुंचे उसके बेटे से गाली-गलौज कर उसे मारा पीटा और पुलिस के आने पर फरार हो गए। प्लाट पर कब्जे के लिए पहले भी यह लोग वादिनी को परेशान करते रहते थे, कई बार धमकी भी दी थी, लेकिन कब्जा न मिलने पर वादिनी के घर में आग लगा दी।

**इरफान सोलंकी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश**

इसमें उसकी गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। इरफान की वीसी से पेशी, बाकी कोर्ट में मौजूद अभियोजन की अंतिम बहस सुनने के लिए महाराजगंज जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश किया गया। इसके अलावा कानपुर जेल में बंद आरोपी रिजवान सोलंकी, मो.शरीफ, शौकत अली व इसराइल आटेवाला को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश किया गया।

## इंडिया गठबंधन पर सवालिया निशान, बोले- भाजपा को हराना लक्ष्य...मगर हराएगा कौन पता नहीं चल रहा



हरदोई। हरदोई जिले के शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन पर सवालिया निशान लगाया है। उन्होंने कहा कि सभी दलों का लक्ष्य भाजपा को हराना है। मगर हराएगा कौन यह पता नहीं चल रहा है।

सपा मुखिया नगर के मोहल्ला बलाइकोट में पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू के आवास पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा को हराने के लिए यदि मध्य प्रदेश में यदि समाजवादी पार्टी से कोई समझौता नहीं करना था, तो पहले से मना कर देते ।सपा मुखिया ने खुलासा करते हुए कहा कि उनकी पार्टी का विधायक था। उसके समर्थन के बाद ही राज्यपाल ने सरकार बनाने के लिए उन्हें आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इंडिया संगठन की आलोचना करने का मौका दे रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि वह ऊपर से मिले इशारे पर काम कर रहे है ।वहीं, भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि हमारा देश विश्व गुरू बन रहा है। मगर जनता को मच्छर से नहीं बचा पा रहे है। इससे पहले पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू ने शाहजहांपुर से शाहाबाद सीमा में प्रवेश होते ही सरदारनगर में समाजवादी कार्यकर्ताओं के साथ उनका स्वागत किया।

# यूपी के अलीगढ़ में राम बारात निकालने के दौरान बवाल, तलवारें चलीं; 6 लोग घायल




उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में राम बारात निकालने को लेकर दो समुदाय भिड़ गए. आरोप है कि इस दौरान मस्जिद से जमकर पत्थरबाजी की गई, जिसमें आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए. इसके बाद बीजेपी और हिंदू संगठन के कार्यकर्ता थाने के बाहर धरने पर बैठ गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की. रविवार देर रात अलीगढ़ में राम बारात पर हमले और पत्थरबाजी का आरोप लगाते हुए बड़ी संख्या में लोगों ने चंडोस थाने पर प्रदर्शन किया.

**शोभायात्रा पर हुआ पथराव**

बताया जा रहा है कि चंडौस इलाके में नवरात्रि के पहले दिन हिंदू संगठन राम बारात शोभायात्रा निकाल रहे थे. इसी दौरान दूसरे समुदाय के लोगों ने शोभायात्रा पर पथराव कर दिया. आरोप ये भी है कि तलवारों से भी हमला किया गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए.

**हमलावरों के हाथ में थी सरिया और तलवार**

यात्रा में शामिल लोगों के मुताबिक, राम बारात परंपरागत तरीके से अपने निर्धारित रूट पर आगे बढ़ रही थी, तभी एक धार्मिक स्थल के पास यात्रा पर हमला किया गया. आरोप है कि हमलावरों के हाथ में सरिया और तलवार थी, जिससे यात्रा में शामिल लोगों को निशाना बनाया गया. आरोप ये भी है कि हमले के वक्त मौके पर मौजूद पुलिस कर्मी मौके से भाग गए.

**थाने के सामने जमकर हुई नारेबाजी**

घटना के बाद गुस्साए लोगों ने चंडौस थाने के सामने प्रदर्शन किया और जोरदार नारेबाजी की. प्रदर्शनकारियों ने स्नङ्घक्रदर्ज करके आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की. उन्होंने कहा कि हमारा निवेदन आपसे ये है कि हमारी स्नङ्घक्रदर्ज कराएं अभी तत्काल, उन लोगों की गिरफ्तारी चाहिए तुरंत, हम लोग अपने पारंपरिक रूट पर हैं.

हिंदूवादी संगठनों के प्रदर्शन की खबर मिलते ही जिलाधिकारी और डीएम के साथ अलीगढ़ रेंज के डीआईजी भी मौके पर पहुंच गए. डीआईजी ने दावा किया कि हालात अब नियंत्रण में हैं, उन्होंने जांच के बाद आगे की कार्रवाई का भरोसा दिया. दशहरे से ठीक पहले हुई इस घटना के बाद प्रशासन चौकन्ना हो गया है, इसीलिए माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर एक्शन के साथ-साथ एहतियातन इलाके में अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है.

# अरे भाई छोड़ो अखिलेश वखिलेश.. कमलनाथ ने ऐसे मुंह फेरा, जैसे कुछ पता ना हो

ऐसा लग रहा है कई मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर कमलनाथ कुछ ज्यादा ही आश्वस्त नजर आ रहे हैं. उनका आत्मविश्वास देखते ही बन रहा है. पहले तो उन्होंने समाजवादी पार्टी को नाराज किया और फिर अब उन्होंने ऐसा कुछ कह दिया है जिससे नाराजगी और भी बढ़ सकती है. हाल ही में कुछ मीडियाकर्मियों ने उनसे अखिलेश यादव के बारे में पूछ लिया तो उन्होंने कहा कि अखिलेश-वखिलेश को छोड़िए, इसके बाद उन्होंने अपनी कार आगे बढ़ने का इशारा किया.

**'अरे भाई छोड़ो अखिलेश वखिलेश'**

दरअसल, मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में यह बात कही है. कमलनाथ ने कहा कि माहौल बहुत अच्छा है. लोग हमें फोन कर रहे हैं और बता रहे हैं कि लोगों में उत्साह है. हम उम्मीद से भी बेहतर संख्या से जीतेंगे. सपा प्रमुख अखिलेश यादव के कांग्रेस पर 'विश्वासघात' के आरोपों पर कमलनाथ ने कहा, 'अरे भाई छोड़ो अखिलेश वखिलेश' इसके बाद इतना कहकर वे आगे बढ़ गए. इस दौरान वे अपनी गाड़ी में बैठे हुए थे और अपने ड्राइवर से आगे बढ़ने को कहा.

**कांग्रेस पर 'विश्वासघात' का आरोप**

कमलनाथ के ये शब्द अखिलेश यादव को जरूर नाराज कर देंगे क्योंकि वे पहले से ही नाराज बताए जा रहे हैं. उधर अखिलेश यादव ने भी पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस पर 'विश्वासघात' का आरोप लगाया और कहा कि अगर कांग्रेस मध्य प्रदेश में सीटें नहीं देना चाहती थी तो उन्हें यह पहले ही कहना चाहिए था. आज, सपा केवल उन्हीं सीटों पर लड़ रही है जहां उसकी अपनी सीटें हैं. अब इसके बाद मुझे लगता है कि इंडिया गठबंधन सिर्फ राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव के लिए है. अगर कांग्रेस का यही व्यवहार रहा तो उन पर भरोसा कौन करेगा? मन में भ्रम लेकर भाजपा के खिलाफ लड़ेंगे तो सफल नहीं होंगे.इस पूरे मामले की शुरुआत तब हुई जब मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों का ऐलान करते समय कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी की एक ना सुनी और उन सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया जहां से पिछली बार सपा विजयी हुई थी या जहां काफी मजबूत थी. अखिलेश यादव को लग गया कि कांग्रेस ने उन्हें धोखा दिया है. उन्होंने साफ कह दिया कि कांग्रेस मध्य प्रदेश स्तर पर गठबंधन नहीं करती है, तो भविष्य में भी यही होगा और उत्तर प्रदेश स्तर में भी गठबंधन नहीं होगा.

# पीएम मोदी ने दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर का उद्घाटन किया, पहली नमो भारत ट्रेन को भी दिखाई हरी झंडी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर के दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ ट्रेनों के प्राथमिकता खंड का उद्घाटन किया। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर का 17 किलोमीटर लंबा प्राथमिकता वाला खंड को यात्रियों के लिए खोला जाना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साहिबाबाद से दुहाई डिपो को जोड़ने वाली रैपिडएक्स ट्रेन ङ्क 'नमो भारत' के स्कूली बच्चों और चालक दल के साथ ट्रेन में बातचीत करते देखा गया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने अप्रैल में आरआरटीएस ट्रेनों का नाम 'रैपिडएक्स' रखा था। ह्यत्रक्रञ्जस्ह्य भारत की पहली सेमी-हाई-स्पीड क्षेत्रीय रेल सेवा परियोजना लागू कर रहा है।

आरआरटीएस एक नया रेल-आधारित, सेमी-हाई-स्पीड, हाई-फ्रीक्वेंसी कम्प्यूटर ट्रांज़िट सिस्टम है जिसकी डिज़ाइन गति 180 किमी प्रति घंटा है। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में, केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने घोषणा की कि आरआरटीएस ट्रेनों को 'नमो भारत' के नाम से जाना जाएगा। मंत्री ने कहा कि करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं से जुड़ा आरआरटीएस प्रोजेक्ट का प्राथमिकता गलियारा पटरी पर आने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को इसे राष्ट्र को समर्पित करेंगे। देश के रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम को 'नमो भारत' के नाम से जाना जाएगा।

साहिबाबाद और दुहाई डिपो के बीच आरआरटीएस कॉरिडोर के प्राथमिकता खंड में पांच स्टेशन हैं ङ्क साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर की आधारशिला 8 मार्च, 2019 को प्रधान मंत्री मोदी द्वारा रखी गई थी। प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को एक बयान में कहा था कि नए विश्व स्तरीय परिवहन बुनियादी ढांचे के निर्माण के माध्यम से देश में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बदलने के उनके दृष्टिकोण के अनुरूप, आरआरटीएस परियोजना विकसित की जा रही है।

# बेटियों और महिलाओं की होगी पूरी सुरक्षा, यूपी में एंटी रोमियो स्क्वायड की 1678 टोलियां तैनात

## सबसे ज्यादा आगरा जोन के मनचलों पर चला स्क्वायड का चाबुक प्रदेश के सात कमिश्नरेट में भी शोहदों पर खूब हुई कार्रवाई



लखनऊ। यूपी की बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर दृढ़ संकल्पित योगी सरकार की एंटी रोमियो स्क्वायड शोहदों पर कहर बनकर टूट रही है। प्रदेश में शोहदों और मनचलों पर नकेल कसने के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।6 माह के अभियान में 1678 एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा एक्शन लिया गया, इसमें 3324 पुरुष और 4090 महिला पुलिसकर्मी शामिल थीं। स्क्वायड ने शोहदों की पहचान के लिए प्रदेश के 30,76,246 स्थानों की चेकिंग की। इनमें स्कूल, सार्वजनिक स्थलों जैसे चौराहे, बाजार, मॉल्स, पार्क एवं अन्य स्थान शामिल हैं। इन स्थानों पर कुल 1,34,33,261 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। इस दौरान 7563 मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि 9512 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 48,92,991 व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। एंटी रोमियो स्क्वायड ने पूरे प्रदेश में जोन और कमिश्नरेट स्तर पर कार्रवाई की।डीजीपी विजय कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश में बेटियों और महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा शोहदों-मनचलों के खिलाफ कार्रवाई के लिए समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। इस क्रम में प्रदेश भर में स्क्वायड की ओर से 6 माह में विशेष अभियान चलाया गया। ऐसे में जोन स्तर पर कार्रवाई के लिए 8 जोन में 1413 एंटी रोमियो स्क्वायड को एक्टिव किया गया, जिसमें 2977 पुरुष पुलिसकर्मी और 3499 महिला पुलिसकर्मी शामिल हैं। स्क्वायड ने शोहदों की पहचान के लिए प्रदेश के 25,40,012 स्थानों पर चेकिंग की। इनमें स्कूल, सार्वजनिक स्थलों जैसे चौराहे, बाजार, मॉल्स, पार्क एवं अन्य स्थान शामिल हैं। इन स्थानों पर कुल 97,75,616 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। इस दौरान 7097 मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि 8951 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 44,31,216 व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। एंटी रोमियो स्क्वायड ने सबसे अधिक कार्रवाई आगरा जोन में की, जहां 474493 स्थानों की चेकिंग करते हुए 12,73,120 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। वहीं 637 मुकदमे दर्ज किए गए जबकि 1114 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह दूसरे नंबर पर बरेली जोन, तीसरे नंबर पर लखनऊ जोन, चौथे नंबर पर वाराणसी और पांचवे नंबर पर गोरखपुर जोन है।

प्रदेश के सात कमिश्नरेट में 265 एंटी रोमियो स्क्वायड को एक्टिव किया गया, जिसमें 347 पुरुष पुलिसकर्मी और 591 महिला पुलिसकर्मी शामिल हैं। स्क्वायड ने शोहदों की पहचान के लिए प्रदेश के 5,36,234 स्थानों पर चेकिंग की। इन स्थानों पर कुल 36,57,645 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। इस दौरान 466 मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि 561 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 4,61,775 व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। एंटी रोमियो स्क्वायड ने सबसे अधिक कार्रवाई आगरा कमिश्नरेट में की, जहां 1,35,752 स्थानों की चेकिंग करते हुए 5,01,165 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। वहीं 60 मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि 92 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह दूसरे नंबर पर लखनऊ, तीसरे नंबर पर कानपुर, चौथे नंबर पर गौतमबुद्धनगर और पांचवें नंबर पर गाजियाबाद कमिश्नरेट है।

# गाजा के अस्पताल में विस्फोट, सैकड़ों लोगों की मौत, हमास और इजराइल का एक-दूसरे पर आरोप



गाजा के एक अस्पताल में हुए भीषण विस्फोट में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई। इस अस्पताल में पहले से घायल मरीजों की भरमार थी और अन्य फलस्तीनी नागरिक भी यहां शरण लिए हुए थे।हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

हमास ने इसे इजराइल का हवाई हमला बताया जबकि इजराइल की सेना ने आरोप लगाया कि फलस्तीनी आतंकवादियों द्वारा दागे गए रॉकेट के निशाना चूकने से यह विस्फोट हुआ। मंत्रालय ने बताया कि कम से कम 500 लोग मारे गए हैं।

अस्पताल में हुए विस्फोट के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन की पश्चिम एशिया की यात्रा रद्द हो गई है। बाइडन की इस यात्रा से युद्ध से उत्पन्न संकट के समाधान की उम्मीद थी।

जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उनके देश ने अम्मान में बुधवार को होने वाले क्षेत्रीय शिखर सम्मेलन को रद्द कर दिया है, जिसमें बाइडन जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला द्वितीय, फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से मुलाकात करने वाले थे।

जॉर्डन के विदेश मंत्री ऐमन सफादी ने सरकारी टेलीविजन को बताया कि इजराइल और हमास के बीच युद्ध ने ''क्षेत्र को संकट के कगार पर धकेल दिया है''। उन्होंने कहा कि जॉर्डन शिखर सम्मेलन का आयोजन तभी करेगा जब सभी इस बात पर सहमत होंगे कि इसका उद्देश्य ''युद्ध को रोकना'', फलस्तीनियों की मानवता का सम्मान करना और उन्हें मदद का उनका वाजिब हक प्रदान करना होगा।व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि बाइडन अब सिर्फ इजराइल का दौरा करेंगे।

# समलैंगिक समाज को झटका, शादी को कानूनी वैधता देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

सेम सेक्स मैरिज यानी समलैंगिक शादी को कानूनी बाध्यता देने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है. इस विषय पर पांच सदस्यों वाली पीठ ने फैसला सुनाया है.समलैंगिक जोड़ों के शादी के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने खास टिप्पणी की थी. यह मामला पांच जजों की पीठ के सामने था जिसकी अगुवाई सीजेई डी वाई चंद्रचूड़ कर रहे थे, फैसले से पहले अदालत ने कई अहम टिप्पणी की. सीजेआई ने कहा कि आर्टिकल 21 के तहत यह अधिकार है, इसके साथ ही जेंडर और सेक्सुअलिटी दो अलग अलग मुद्दे हैं. हर एक को अपने जीवनसाथी के चुनने का अधिकार है. कसी भी शख्स की मनोस्थिति का भी ध्यान रखा जाना चाहिए. होमो सेक्सुअल को भी समान अधिकार मिलना चाहिए. जस्टिस संजय किशन कौल ने सीजेआई की टिप्पणियों के साथ सहमति जताई हालांकि जस्टिस भट्ट की राय अलग है. कौल ने कहा कि भेदभाव दूर करने के लिए सरकार को कदम उठाने चाहिए.

**फैसले से पहले सीजेआई ने ज़्या कहा**

सीजेआई ने कहा कि कोर्ट का कितना दखल जरूरी इस पर विचार जरूरी

सकार ने कहा कि समलैंगिकता सिर्फ शहरों तक सीमित है

ये बात अलग है कि समलैंगिक गांवों में भी रहते हैं.

सबको अपना जीवनसाथी चुनने का अधिकार है.

समय के साथ जीवनशैली में बड़े बदलाव हुए हैं

अनुच्छेद 21 के तहत अधिकार है.

जेंडर और सेज़्सुअलिटी एक नहीं हैं.

स्पेशल मैरिज एज़्ट में कोर्ट बदलाव नहीं कर सकता.

केंद्र और राज्य सरकारें इस विषय पर भेदभाव खत्म करें.



**समलैंगिक शादी के समर्थन में तर्क**

स्पेशल मैरिज के तहत मान्यता दिए जाने का तर्क

मौलिक अधिकार से जुड़ा है मामला

सवैधानिक व्यवस्था से नहीं जुड़ा है केस

शहरी सोच का नतीजा नहीं

कानूनी हक के दायरे से बाहर हैं बच्चे

**केंद्र सरकार की दलील**

यह जटिल विषय है और समाज पर असर पड़ेगा

इस विषय पर सरकार कमेटी गठित करने के लिए है तैयार

अलग अलग धर्मों में समलैंगिक शादी को मान्यता नहीं

समलैंगिक जोड़ों को बच्चों के गोद लेने पर ऐतराज

अलग अलग किस्म के दावों की होगी शुरुआत

## 11 मई को फैसला रखा गया था सुरक्षित

इस विषय पर सुप्रीम कोर्ट में 18 अप्रैल 2023 से सुनवाई शुरू हुई थी और 11 मई को अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था. चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच जजों की पीठ के सामने शादी के पक्ष और विपक्ष में दिलचस्प दलीलें पेश की गईं थीं. याचिकाकर्ताओं ने समलैंगिक शादियों को मान्यता देने की अपील की है जबकि केंद्र सरकार ने प्राकृतिक व्यवस्था का हवाला देते हुए विरोध किया था..

# हत्यारिन मां! 11 साल के मासूम पर नहीं आई तरस, हत्या कर सीवर टैंक में छिपाई लाश



गाजियाबाद जिले के मोदी नगर इलाके में अपने 11 वर्षीय सौतेले बेटे की हत्या करने और उसके शव को घर के सीवर टैंक में छुपाने के आरोप में एक महिला को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया.

मोदी नगर क्षेत्र के अपर पुलिस आयुक्त ज्ञान प्रकाश राय ने मंगलवार को बताया कि पुलिस को सोमवार को शिकायत मिली थी कि शादाब (11) नामक लड़का रविवार से लापता है. मामले की तफ्तीश के दौरान शक होने पर पुलिस ने उसके घर की सघन तलाशी ली तो सीवर टैंक के अंदर से शादाब का शव बरामद किया गया.

उन्होंने बताया कि पुलिस ने घर में मौजूद लोगों से पूछताछ की तो शादाब की सौतेली मां रेखा ने स्वीकार किया कि उसने अपनी सहेली पूनम की मदद से शादाब की हत्या की थी.राय के मुताबिक, शादाब रविवार को जब खेल कर घर वापस लौटा था तब रेखा ने पूर्व नियोजित साजिश के तहत उसकी हत्या कर दी और उसका शव घर में ही बने सीवर टैंक में फेंक दिया.सूत्रों के अनुसार, रेखा शादाब के पिता राहुल सेन की दूसरी पत्नी थी और वह अपने सौतेले बेटे को पसंद नहीं करती थी. रेखा ने अपने पति राहुल और अन्य परिजन के सामने शादाब का अपहरण होने का दावा किया था.

# आजम खान को बड़ा झटका, फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में हुई 7 साल की सजा, पत्नी और बेटे को भी जेल

उत्तर प्रदेश के रामपुर की एक अदालत ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में बुधवार को समाजवादी पार्टी (सपा) नेता आजम खान, उनकी पत्नी तंजीम फातिमा और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान को दोषी ठहराया और सात साल जेल की सजा सुनाई। मामला अब्दुल्ला आजम खान का दो बार जन्म प्रमाण पत्र जारी होने से जुड़ा है। अब्दुल्ला आजम खान पर पहले जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर पासपोर्ट और विदेशी दौरे हासिल करने और सरकार से संबंधित उद्देश्यों के लिए दूसरे प्रमाण पत्र का उपयोग करने का आरोप है। दोनों प्रमाणपत्र फर्जी तरीके से और पूर्व नियोजित साजिश के तहत जारी किये गये थे।पूर्व डीजीसी क्राइम अरुण सक्सेना ने कहा कि आज दो लोगों के जन्म प्रमाण पत्र से जुड़े अपराध में आजम खान, उनकी पत्नी तंजीम फातिमा और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान तीन आरोपी हैं।कोर्ट ने उसे दोषी करार दिया है। अब्दुल्ला आजम खान पर दो जन्म प्रमाण पत्र बनवाने का आरोप है। पहला जन्म प्रमाण पत्र 1 जनवरी 1993 का है, जबकि दूसरा जन्म प्रमाण पत्र लखनऊ से बनवाया गया था जिसमें उसकी जन्मतिथि 30 सितंबर 1990 है। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने आजम खान, उनकी पत्नी तंजीम फातिमा और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान को दोषी करार देते हुए तीनों को सात साल की सजा सुनाई है और 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

# पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर किया पति का मर्डर

हनुमानगढ़ टाउन की रामसिंह कॉलोनी में दो दिन पहले हुई एक युवक की हत्या के मामले में टाउन पुलिस ने मृतक की पत्नी समेत दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस के मुताबिक अवैध संबंधों में बाधक बनने पर पत्नी ने प्रेमी और एक अन्य साथी के साथ मिलकर इस हत्या को अंजाम दिया था.टाउन थाना अधिकारी वेदपाल के अनुसार मृतक सुनील टाउन में अपनी ससुराल में रहता था. उन्होंने बताया कि सुनील की पत्नी शिप्ला के मोहम्मद शकील नाम के शख्स के साथ अवैध संबंध थे. दोनों ने मिलकर सुनील को रास्ते से हटाने की योजना बनाई थी.

**कोचिंग सेंटर में काम करती थी शिल्पा**

सुनील एक सब्जी विक्रेता जबकि शिल्पा फॉरच्यून कोचिंग सेंटन धान मण्डी टाउन में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करती थी. वहीं शिल्पा का कथित प्रेमी मोहम्मद शकील आईलेट की तैयारी कर रहा था. इस दौरान ही दोनों करीब आए थे.

पुलिस के मुताबिक शिल्पा और मोहम्मद ने सुनील को रास्ते से हटाने की योजना बनाई थी. प्लान के मुताबिक 18 अक्टूबर की शिल्पा ने पति को नींद की गोलियों का पाउडर बनाकर दूध में घोलकर पिला दिया. इसके बाद मोहम्मद शकील अपने साथी यादविंद्र सिंह के साथ वहां पहुंचा. शिल्पा ने उनके घर में घुसने के लिए छत का दरवाजा खुला छोड़ दिया.

**शव को लटका दिया ताकि मामला आत्महत्या का लगे**

आरोपी शकील व यादविंद्र ने सुनील का तकिए से मुंह दबाकर चाकू से वार किया. उन्होंने सुनील के गले में चुन्नी का फंदा लगाकर हत्या कर दी. इसके बाद शव को फंदा बनाकर लटका दिया ताकि मामला आत्महत्या का लगे।

घटना की सूचना पाकर मौके पर जब टाउन पुलिस मौके पर पहुंची तो उसे मामला हत्या का प्रतीत हुआ. इसके बाद पुलिस ने जांच कर मृतक की पत्नी शिल्पा उसके प्रेमी मोहम्मद शकील और प्रेमी के दोस्त यादविंद्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की.


'मां दुर्गा' के आठ हाथों के प्रतीक
पहले हाथ में चक्र है यह सत्य का प्रतीक है
तलवार भेदभाव न करने का प्रतीक है
गदा प्यार का प्रतीक है
यह आशीर्वाद के साथ उनके क्षमा का प्रतीक भी है
शंख खुशी का प्रतीक है
त्रिशूल नैतिकता का प्रतीक है
धनुष, नैतिकता का प्रतीक है
कमल का फूल अनासक्ति या भौतिक चीजों से जुड़ाव खत्म होने का प्रतीक है

IND vs BAN के बाद दो भाग में बंटा सोशल मीडिया

# विराट कोहली के शतक के पीछे अंपायर रिचर्ड केटलबरो!



गुरुवार को पुणे में भारत और बांग्लादेश के बीच मुकाबला खेला गया। जिसे भारत ने 7 विकेट से जीत लिया। इसके साथ ही भारत ने वर्ल्ड कप में जीत का चौका लगाया है। वहीं भारत की इस जीत में विराट कोहली का अहम योगदान है। उन्होंने 97 गेंदों पर 6 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 103 रन की नाबाद पारी खेली। हालांकि, मैच के दौरान अंपायर रिचर्ड केटलबरो के एक फैसले ने बवाल मचा दिया है। उनके इस फैसले के कारण सोशल मीडिया दो भागों में बंट गया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर कुछ लोग अंपायर के फैसले को गलत बता कर कह रहे हैं कि उन्होंने कोहली को शतक पूरा करने में मदद की तो वहीं दूसरा पक्ष कह रहा है कि रिचर्ड केटलबरो ने गलत फैसला देकर कोहली के शतक को पूरा करने में मदद की।

बता दें कि, भारतीय पारी के 42वें ओवर में नसुम अहमद ने गेंदबाजी की। भारत को उस समय जीत के लिए महज 2 रन की दरकार थी और किंग कोहली 97 रन बनाकर खेल रहे थे। नसुम ने पहली गेंद डाउन द लेग डाली जो आमतौर पर वाइड गेंद मानी जाती है लेकिन अंपायर ने इसे वाइनड करार नहीं दिया। कोहली को यहां थोड़ा एडवांटेज मिला हालांकि, अंपायर द्वारा वाइड ना दिए जाने पर कोहली भी नाराज दिखे थे। वहीं कोहली ने ओवर की तीसरी गेंद पर मिड विकेट और लॉन्ग ऑन के बीच छक्का लगाकर अपने शतक के साथ ही मैच को समाप्त किया।



जिसके बाद अंपायर रिचर्ड केटलबरो के वाइड ना दिए जाने के फैसले पर मैच के बाद विवाद शुरू हो गया और सोशल मीडिया पर फैंस आरोप लगा रहे हैं कि, अंपायर भी कोहली का शतक पूरा कराना चाहते थे जिस कारण उन्होंने इसे वाइड नहीं दिया। हालांकि, दूसरा पक्ष नियमों के आधार पर अंपायर को सही ठहरा रहा है।

क्या कहता है नियम?

लेग साइड में विकेट को छोड़ते हुए जा रही गेंद को वाइड करार दिया जाता है। लेकिन पिछले साल आईसीसी ने लिमिटेड ओवर में वाइड गेंद को लेकर कुछ बदलाव किए थे। दरअसल, खिलाड़ी अब अपने बैटिंग स्टांस में गेंद डलने से पहले ही बदलाव कर लिया करते हैं जिस कारण से नियम 22.1 में संशोधन किया गया था। इसमें ये व्यवस्था की गई कि किसी गेंद को वाइड करार देने से पहले फील्ड अंपायर, बैटर की शॉट लगाने के दौरान की पोजीशन को भी ध्यान रखेंगे। केवल विकेट से गेंद की दूरी को ही मामानकर



# पिचों से मदद नहीं मिलने के बावजूद भारतीय स्पिनरों ने शानदार काम किया शुभम गिल

पुणे। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना है कि स्पिनर कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा ने विश्व कप के दौरान पिचों से मदद नहीं मिलने के बावजूद अपने काम को बखूबी अंजाम दिया है। जडेजा और कुलदीप की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने बांग्लादेश को बृहस्पतिवार को सात विकेट से हराया। एक समय पर बांग्लादेश का स्कोर 14 ओवर में बिना किसी नुकसान के 90 रन था लेकिन फिरकी गेंदबाजों ने रनगति पर अंकुश लगाकर उसे आठ विकेट पर 256 रन पर रोक दिया।गिल ने कहा ,'' विश्व कप से पहले खास तौर पर श्रीलंका में विकेट स्पिनरों की मदद कर रहे थे लेकिन यहां स्पिनरों को कोई मदद नहीं मिल रही है।'' उन्होंने कहा ,'' इसके बावजूद बीच के ओवरों में स्पिनरों ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई।'' उन्होंने कहा ,'' एक समय पर लग रहा था कि हम 300 या 320 रन दे देंगे लेकिन जिस तरह से स्पिनरों ने वापसी कराई, वह काबिले तारीफ है। इससे उनके बल्लेबाजों पर दबाव बना।''मैच के दौरान केएल राहुल ने डाइव लगाकर मेहदी हसन मिराज का कैच लपका जबकि जडेजा ने डाइव लगाकर मुशफिकुर रहीम का कैच पकड़ा। गिल ने कहा ,'' हम फील्डिंग पर बहुत मेहनत करते हैं। एक बल्लेबाज के तौर पर मुझे नहीं पता कि कितनी गेद खेलनी है लेकिन एक फील्डर के तौर पर यह पता है कि पूरे 50 ओवर फील्डिंग करनी है। ये दोनों कैच शानदार थे। इनमें से किसी एक को चुनना मुश्किल है।

# हार्दिक पांड्या न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले से हुए बाहर, BCCI ने लगाई मुहर

वर्ल्ड कप 2023 में अभी तक भारतीय टीम का सफर बेहद शानदार चल रहा है। लेकिन 22 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जाने वाले मुकाबले से पहले भारत को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के टखने में चोट लग गई थी। जिस कारण वो अगले मुकाबले से बाहर हो गए हैं। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड यानी बासीसीआई ने शुक्रवार को बताया कि हार्दिक पांड्या न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी मैच में चोट के चलते नहीं खेलेंगे। वह 20 अक्टूबर को भारतीय टीम के साथ धर्मशाला के लिए उड़ान नहीं भरेंगे। हार्दिक पांड्या अब सीधा लखनऊ में भारतीय दल से जुड़ेंगे जहां उनका सामना इंग्लैंड से होना है। बता दें कि, बांग्लादेश के खिलाफ अपने स्पेल का पहला ओवर डालते हुए हार्दिक पांड्या तीसरी गेंद पर चौका रोकने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान उनका टखना ट्विस्ट हो गया और वो मैदान पर गिर पड़े। जिसके बाद वो दर्द से कराह रहे थे, मैदान पर फीजियो ने टेपिंग की ओर गर्म पट्टी बांधी लेकिन इसका फायदा नहीं हुआ। वे गेंदबाजी करने की कोशिश में दिखे, लेकिन दर्द बहुत ज्यादा था। जिसके बाद कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें मैदान से बाहर जाने को कहा। ऐसे में विराट कोहली ने उनका ओवर पूरा किया, कोहली ने तीन गेंदों में महज 2 रन दिए। बीसीसीआई ने प्रेस रिलीज में कहा कि, टीम इंडिया के उपकप्तान हार्दिक पांड्या को पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडिय में बांग्लादेश के खिाफ भारत के मैच के दरान अपनी ही गेंदबाजी पर फील्डिंग करते हुए बाएं टखने में चोट लग गई थी। स्कैन के लिए ऑलराउंडर को ले जाया गया और उन्हें आराम की सलाह दी गई है। वह बीसीसीआई की मेडिकल टीम की लगातार निगरानी में रहेंगे। साथ ही प्रेस रिलीज में कहा गया कि, वह 20 अक्टूबर को टीम के साथ धर्मशाला के लिए उड़ान नहीं भरेंगे और अब सीधे लखनऊ में टीम से जुड़ेंगे जहां भारत इंग्लैंड से खेलेगा।

टीम इंडिया को हार्दिक की कमी न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में खलेगी। वह टीम में अभी तक तीसरे तेज गेदंबाज और एक फिनिशर की भूमिका अदा कर रहे थे। उनके चोटिल होने के बाद भारत के पास हार्दिक का कोई लाइक टू लाइक रिप्लेसमेंट भी नहीं है। ऐसे में धर्मशाला में या तो टीम इंडिया को बल्लेबाजी या फिर गेंदबाजी में कमाल करना होगा।



# केएल राहुल को भारतीय बल्लेबाजों की लय बरकरार रहने की उम्मीद



रोहित शर्मा के बाद अब विराट कोहली ने भी विश्व कप में शतक जमा लिया है और भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को उम्मीद है कि दूसरे बल्लेबाज भी तिहरे अंक तक पहुंचकर लीग चरण में भारत का अपराजेय अभियान बरकरार रखेंगे।रोहित ने अफगानिस्तान के खिलाफ 131 रन बनाये जबकि कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ 97 गेंद में 103 रन की नाबाद पारी खेली। राहुल ने बांग्लादेश पर सात विकेट से मिली जीत के बाद कहा ,`` विराट के बारे में जितना कहा जाये, कम है। वह इतने साल से रन बनाये जा रहा है और फिर शतक बनाया। उसने हमारे लिये फिनिशर की भूमिका निभाई।''

उन्होंने कहा ,`` शतक बनाना हमेशा खास है। मैं उसके लिये बहुत खुश हूं। रोहित ने भी शतक बनाया और अब विराट ने भी बना लिया है। उम्मीद है कि आगे के मैचों में और बल्लेबाज हमारे लिये शतक बनायेंगे और मैच जीतते रहेंगे।'' राहुल ने कहा कि बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों की अच्छी शुरूआत के बावजूद भारतीय टीम विचलित नहीं थी।

उन्होंने कहा ,`` हमें पता था कि यह अच्छा विकेट है और उन्हें अच्छी शुरूआत मिली है। हम पहले भी इस स्थिति का सामना कर चुके हैं। गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आ रही थी और रनरेट बढाना मुश्किल नहीं था। हमने कुछ विकेट चटकाकर दबाव बना दिया।''

भारत ने अब तक चारों मैचों में लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत हासिल की है लेकिन राहुल ने कहा कि पहले बल्लेबाजी से भी फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा ,`` इस बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं। एक बार में एक ही मैच पर फोकस करेंगे। हम चाहे पहले बल्लेबाजी करें या गेंदबाजी, अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी है।''उन्होंने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की तारीफ करते हुए कहा ,`` वह खास है। हम खुशकिस्मत हैं कि वह हमारी टीम में है। हमें उसका सामना नहीं करना पड़ रहा।

# ओडिशा के खेलमंत्री ने Asian Games में रजत जीतने वाले जेना को सम्मानित किया

ओडिशा के खेल और युवा कार्यमंत्री तुषारकांति बहेड़ा ने हांगझोउ एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाले भालाफेंक खिलाड़ी किशोर कुमार जेना को सम्मानित किया। जेना ने एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 87 . 54 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता और पेरिस ओलंपिक के लिये भी क्वालीफाई कर दिया।

ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीता था। बहेड़ा ने कलिंगा खेल परिसर में जेना को सम्मानित किया। इस मौके पर हॉकी प्रवर्तन परिषद के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, खेल निदेशक सिद्धार्थ दास, ओडिशा ओलंपिक संघ और खेल विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। बहेड़ा ने कहा ,'' जेना के कड़े परिश्रम और लगन ने पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। उसने पिछले कुछ साल में एक खिलाड़ी के तौर पर काफी प्रगति की है। मुझे यकीन है कि वह पेरिस ओलंपिक में ओडिशा और भारत का नाम रोशन करेगा।




# दो दिसंबर से प्रो कबड्डी लीग के 10वें सीजन का आगाज, 12 शहरों में खेले जाएंगे मुकाबले

प्रो कबड्डी लीग का 10वां सीजन 2 दिसंबर से 21 फरवरी 2024 तक खेला जाएगा। वहीं पीकेएल अपने पुराने फॉर्मेट में लौट आया है। इसका मतलब है कि, प्रो कबड्डी लीग का आयोजन देश के 12 शहरों में होगा। इस ब्लॉकबस्टर लीग के शुरुआती मैच में गुजरात जायंट्स का सामना तेलुगु टाइटंस से होगा। वहीं पीकेएल के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने ऐतिहासिक दसवें सीज़न के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। प्रो कबड्डी लीग, जो सीजन 10 के लिए 12 शहर के कारवां प्रारूप मे लौट रही है।2 दिसंबर 2023 को अहमदाबाद के एरेना बाय ट्रांसस्टेडिया स्टेडियम में शुरू होगी।इसके बाद हर फ्रेंचाइजी के गृह शहरों में स्थानांतरित हो जाएगी। प्लेऑफ के कार्यक्रम की घोषमा बाद में की जाएगी। बता दें कि, इस सीजन में हर फ्रेंचाइजी के गृह शहरों से स्टेडियम में वापस आने वाले कबड्डी फैंस का स्वागत करने के लिए रोमांचित है। अहमदाबाद चरण 2-7 दिसंबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा। इसके बाद लीग स्थानों के कई क्रम निम्नलिखित क्रम में आगे बढ़ेगी। प्रो कबड्डी लीग का दसवां सीजन गुजरात जायंट्स और तेलुगु टाइटंस के बीच की प्रतिद्विंद्विता को नए सिरे से शुरू करने के साथ शुरू होगा। पवन सहरावत, फज़ल आतराचली, अजिंक्य पवार और नवीन कुमार जैसे टॉप खिलाड़ी सप्ताहांत में हाई-ऑक्टेन क्लैश के माध्यम से फैंस को मंत्रमुग्ध करने




के लिए तैयार हैं। मशाल स्पोर्ट्स लीग और प्रो कबड्डी लीग के लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा कि, मशाल स्पोर्ट्स को प्रो कबड्डी सीजन 10 मैच शेड्यूल जारी करते हुए खुशी हो रही है। पिछले सीज़न की तरह ये लीग इस बार भी सफल होगी। ये शेड्यूल पीकेएल फैंस की भावनाओं के साथ-साथ हमारे लीग के ऐतिहासिक दसवें सीजन के दौरान हाई क्वालिटी और रोमांचक प्रतिस्पर्धा को बनाए रखने के बारे में कई विचारों और सावधानीपूर्वक योजना का परिणाम है।

# किसान बाबू सिंह के घर पहुंचे अखिलेश यादव, मिले परिजनों से



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। दिवंगत किसान बाबू सिंह यादव के घर पर परिवार से मिलने आज सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पहुंचे ।परिवार के साथ मौजूद सपा नेता अभिमन्यु गुप्ता से मामले की पूरी जानकारी लेते हुए अखिलेश यादव ने दिवंगत बाबू सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार का हमेशा साथ देने का वादा करते हुए मामले को विधानसभा में उठाने का आश्वासन भी दिया।

सपा नेता अभिमन्यु गुप्ता ने बताया की अखिलेश यादव परिजनों की बात सुनकर बेहद भावुक हो गए और बेटियों को कहा की चिंता न करो मैं हूं ।बेटियों ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से कहा की आज तक भाजपा से जुड़ा कोई मंत्री नेता मिलने नहीं आया क्योंकि मुख्य आरोपी प्रियरंजन आशु भाजपा नेता है।

अभी तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई और न ही उसके घर की कुर्की हुई ।बेटियों ने कहा की कहीं न कहीं भाजपा के बड़े नेता प्रियरंजन आशु को पनाह दिए हुए हैं ।बेटियों ने बताया की भाजपा नेता प्रियरंजन आशु, भाजपा नेता शिवम चौहान और उसके गैंग ने धोखे से जमीन हड़प ली ।भाजपा नेता लगातार यूपी बाल आयोग के सदस्य होने का प्रभाव दिखाता रहा ।बेटियों ने रोते हुए कहा की यदि अभिमन्यु भैया नहीं होते तो जहां तक पहुंचें है वहां तक भी न पहुंच पाते ।बेटियों ने कहा की कहीं न कहीं भाजपा से जुड़े बड़े नेता प्रियरंजन और उसके गैंग की मदद कर रहे हैं तभी वो गिरफ्तार नहीं हो रहा ।बेटियों ने कहा की यूपी बाल संरक्षण आयोग का वो अभी तक सदस्य दिख रहा है।

अभिमन्यु गुप्ता के साथ बाबू सिंह की पत्नी बिट्टान, बेटी रूबी और काजल ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को मांगपत्र भी सौंपा।

सपा प्रमुख ने परिवार को आश्वासन दिया की पार्टी की तरफ से आर्थिक मदद भी आएगी और साथ ही बेटियों की पढ़ाई और शादी में भी जो हो सकेगा किया जाएगा।

साथ ही अखिलेश यादव ने बेटियों को आश्वासन दिया की वे सरकार से आवाज उठाएंगे की आरोपियों पर सख्त कार्यवाही हो और बेटियों की जमीन भी वापिस मिले।

अखिलेश यादव, अभिमन्यु गुप्ता के अलावा सपा राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र मोहन अग्रवाल, विधायक अमिताभ बाजपई, राजाराम पाल, मुनीन्द्र शुक्ला, फजल महमूद, फतेह बहादुर गिल आदि थे।

# पत्रकार अभिषेक मिश्रा का साथियों ने मनाया धूमधाम से जन्मदिन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सहारा समाचार न्यूज चैनल के पत्रकार अभिषेक मिश्रा का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ उनके पत्रकार साथियों ने जी 10 न्यूज चैनल के कैमरामैन तनवीर नियाजी के ऑफिस साइड नंबर वन चौराहा, किदवई नगर मे मनाया। सभी साथियों ने मिलकर केक काटा। केक खिलाने के साथ शुभकामनाएं और बधाई दी। इस मौके पर मुख्य रूप से अभिषेक मिश्रा, तनवीर नियाजी, बी.पी. साहू (संपादक) बीपीएस न्यूज, संजय वर्मा, प्रमोद त्रिपाठी, रजनीश गर्ग, टीटू, पिंटू वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# संजय सिंह की हुई गिरफ़्तारी, जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के आवास पर ईडी द्वारा 12 घंटे तक छापेमारी कि गई, 8 दिनों तक उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ भी कि गयी लेकिन जॉच एजेंसी को कुछ हासिल नहीं हुआ इन सबके बावजूद सांसद संजय सिंह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष अनुज शुक्ला के नेतृत्व में संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में हाथों में जंजीर बांधकर जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया !फर्जी शराब घोटाले के मुख्य अभियुक्तों ने 14 बार ईडी को बयान दिए लेकिन उन बयानों में कभी संजय सिंह का नाम नहीं लिया सांसद संजय सिंह कोई अंजान व्यक्ति नहीं हैं, क्या अभियुक्त को इतनी बार बयान देते हुए सांसद संजय सिंह का नाम याद नही आया ? अचानक से ईडी द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त से सांसद संजय सिंह के खिलाफ बयान दिलवाया गया। महीने भर के अंदर अभियुक्त को जमानत मिल गई और ईडी ने उसकी जमानत का कोई विरोध नहीं किया जमानत के कुछ दिन बाद ही उसको सरकारी गवाह बना दिया गया ।संजय सिंह ने मणिपुर हिंसा में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने जैसे जघन्य अपराध के खिलाफ सदन में आवाज उठाई तो उन्हे राज्यसभा से पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया और आज तक वो निलंबित है सांसद संजय सिंह लगातार दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों व समाज के कमजोर वर्गों की आवाज लगातार उठाते रहे है और सरकार से सवाल पूछते रहे है संजय सिंह ने समय समय पर किसानों के हितों की रक्षा के लिए, युवाओं के रोजगार के लिए, पुरानी पेंशन की बहाली के लिए महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में बढ़ती मंहगाई के खिलाफ सड़क से लेकर संसद तक आवाज उठाते रहे हैं ।सांसद संजय सिंह के खिलाफ ये पूरा मामला फर्जी बेबुनियाद और राजनीति से प्रेरित है आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता इस अवैध गिरफ़्तारी के विरोध में पूरे उत्तर प्रदेश में आंदोलनरत है ।प्रदर्शन में मुख्य रूप से उपस्थित रहे अनुज शुक्ला जिला अध्यक्ष, मुशीर अहमद जिला महासचिव, राहुल मल्होत्रा, सैयद वसीमुद्दीन, संजय कुमार, कृष्ण कुमार सिंह सुधीर शर्मा कृष्ण प्रजापति शमी इकबाल मोहम्मद आरिफ सैफी मोहम्मद शानू इतिहास लोग मौजूद है!



# शक्ति दीदी कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं व महिलाओ को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

कानपुर। जूही थाना अंतर्गत जूही पुलिस ने ढकना पुरवा में पुलिस मिशन शक्ति अभियान के तहत शक्ति दीदी कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं व महिलाओ को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। बताते चले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिलाओ की सुरक्षा, स्वावलंबन, सम्मान के लिए महिला सशक्तिकरण के तहत मिशन शक्तिदीदी चलाया गया। थाना जूही व बाबू पुरवा द्वारा बनाई गई शक्तिदीदी मोहिनी, लक्ष्मी देवी ने ढकना पुरवा में अतिरिक्त इंस्पेक्टर सरिता मिश्रा के नेतृत्व में महिलाओ व छात्राओ को सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के प्रति जागरूक किया ।वही शक्ति दीदी ने महिलाओ व बच्चो को हाथ में मोबाइल लेकर मोबाइल हाथ में दस नब्बे साथ में का नारा लगाया। साथ ही अपना मोबाइल नंबर देते हुए महिलाओ को विश्वास दिलाया यदि किसी प्रकार से महिलाए एवं बच्चे मनचलों से प्रताड़ित हो तो दिए गए मोबाइल नंबर पर तत्काल संपर्क करे। शक्ति दीदी ने सरकार की योजनाओ को गिनाते हुए उसका फायदा उठाने की अपील की। जहा पिंक चौकी प्रभारी रूबी सिंह, विश्राम सिंह, निशा यादव, हेमप्रभा, अरविंद, सुरेश गौतम व क्षेत्रीय महिलाए मौके पर मौजूद रही। बारादेवी यातायात ड्यूटी में लगे टीएसआई सतेंद्र पाल सिंह ने मिशन शक्तिदीदी में पहुंचकर यातायात व्यवस्था को चुनौतीपूर्ण ढंग से बरकरार रखा। भीड़ होने के बावजूद जाम की स्थिति नही उत्पन्न होने दी।



# स्कूलों से फीस वापसी की कार्यवाही शुरू करवाने की मांग



कानपुर ।अभिभावकों को 15 प्रतिशत फीस वापसी मामले में संघर्ष कर रहे न्याय संघर्ष समिति के संयोजक, सपा नेता और प्रांतीय व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता ने जिलाधिकारी विशाख जी से मुलाकात कर मांगपत्र, उच्चतम न्यायालय के आदेश की प्रति, माध्यमिक शिक्षा विभाग का जवाब आदि सौंप कर जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप करके स्कूलों से फीस वापसी की कार्यवाही शुरू करवाने की मांग करी।

अभिमन्यु गुप्ता ने जिलाधिकारी वी विशाख से कहा की माननीय उच्च न्यायालय के 15 प्रतिशत स्कूल फीस वापसी का आदेश (576/2020) 6 जनवरी ,2023 को हुआ था और आदेश के तहत 2 माह में इसका पालन होना था ।सभी अभिभावकों को 15 प्रतिशत फीस या तो वापिस होनी है या तो समायोजित होनी है ।निजी स्कूल इसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय चले गए और उनको छोड़ चुके छात्रों को नकद वापसी में स्टे भी मिल गया ।पर निजी स्कूल इस स्टे को पूरा स्टे प्रचारित करने में सफल रहे ।अभिमन्यु गुप्ता ने कहा की जब उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को लिखा तो उन्होंने भी उच्चतम न्यायालय का हवाला देकर कार्यवाही रोक दी ।पर अब 11 अक्टूबर,2023 को जो भी स्टे था वो भी हट गया है ।अभिमन्यु ने कहा की दुखद है की अभी तक कानपुर में शिलिंग हाउस और एक आत स्कूलों के अलावा किसी भी स्कूल ने माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का पालन नहीं किया ।यह माननीय उच्च न्यायालय की अवमानना है और प्रदेश के करोड़ों अभिभावकों के साथ अन्याय भी अभिमन्यु गुप्ता ने मांग पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी से मांग करी की वे विभागीय निर्देश देते हुए कानपुर के सभी स्कूलों को तत्काल फीस वापसी का निर्देश देने का कष्ट करें ।साथ ही स्कूलों द्वारा की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी मंगवाने की मांग की गई ।साथ ही तत्काल उन सभी स्कूलों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने की भी मांग की गई जिन्होंने जानबूझकर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना की है ।अभिमन्यु ने हाथ जोड़कर जिलाधिकारी से प्रार्थना करी की माननीय उच्च न्यायालय की अवमानना और कानपुर के लाखों अभिभावकों के साथ अन्याय न होने दें ।जिलाधिकारी ने पूरा मामला पढ़ सुनकर तत्काल कार्यवाही का आदेश विभाग को दिया ।उन्होंने आश्वासन दिया की अभिभावकों को उनकी 15 प्रतिशत फीस समायोजन के रूप में वापिस जरूर मिलेगी ।अभिमन्यु गुप्ता के साथ संजय कुमार, उमा देवी, प्रदीप तिवारी, विवेक श्रीवास्तव, साकिफ कुरैशी आदि थे।

# नवरात्रि पर माता महाकाली मंदिर कैनाल रोड में हुआ भव्य जागरण

कानपुर ।विगत 24 वर्षो से माता महाकाली मंदिर मे भव्य जागरण का आयोजन किया जाता है और इस बार 25 वर्ष पूर्ण होने पर माता का भव्य दरबार सजा कर कई जिलों के प्रशिद्ध गायक और गायिका आमंत्रित कर माता के भजनों का गुणगान किया गया साथ ही कई सुंदर सुंदर झाकियों की प्रस्तुति की गई । माता के जागरण मे हजारों भक्त मौजूद रहे । कमेटी द्वारा बताया गया कि कैनाल रोड स्थित माता महाकाली के मंदिर मे नागपंचमी मे मेले का और नवरात्रि में जागरण का आयोजन किया जाता है। जागरण सम्पूर्ण होने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन कराया जाता है जिसमे हजारों भक्त आ कर भंडारे का प्रशाद ग्रहण करते है। प्रशासन के सहयोग के चलते सफलता पूर्वक जागरण सम्पन हुआ।

# 46 लीटर अवैध शराब बरामद कर तीन अभियुक्त गिरफ्तार



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर पुलिस उपायुक्त पूर्वी कमिश्नरेट कानपुर नगर व अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी कमिश्नरेट कानपुर नगर के द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के अनुपालन में सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी के निर्देशन में व प्रभारी निरीक्षक के कुशल नेतृत्व में को समय करीब बेबी चाँद खान आयकारी निरीक्षक सेक्टर कानपुर नगर मय आवकारों टीम श्रीराम कनौजिया आवकारी निरीक्षक सेक्टर कानपुर नगर, प्रधान आबकारी आरक्षी ओमबाबू, आरक्षी उमेश कुमार, आरक्षी मानवेन्द्र सिंह व आरक्षी रवि मिश्रा मय उ0नि0 नीरज कुमार पाठक चौकी प्रभारी टॉस थाना नर्वल मय हमराह अंकुश कुमार के मुखबिर खास की सूचना पर तालाब के किनारे बने मकान के पास बहद ग्राम पारा थाना नर्वल जनपद कानपुर नगर से मय 46 लीटर अवैध कच्ची शराब मय शराब बनाने के उपकरण के साथ (एक कनस्तर जिसमे नलकी लगी हुई है, व एक पतीली सिल्वर पानी भरा हुआ तीन बोतल जिसमें 2-2 लीटर शराब भरी हुई है. एक दस लीटर की गैलन जिसमे 10 लीटर शरीब भरी हुई व 2 प्लास्टिक की पिपिया में 15-15 लीटर शराब के साथ अभियुक्तगण कोतवाल पुत्र फूल सिंह उम्र करीब 30 वर्ष अजय पुत्र बालकराम उम्र करीब 35 वर्ष मनीष पुत्र राजेश उर्फ बन्टा उम्र करीब 19 वर्ष किरन पत्नी राजेश उर्फ बन्टा उम्र करीब 35 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम पारा थाना नर्बल जनपद कानपुर नगर गिरफ्तार किया गया अभियुक्तगण के विरूद्ध खाना हाजा पर मु0अ0स0 धारा आवकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायालय भेजा जा रहा है।

# ताबड़तोड़ चोरियो की तफ्तीश में जुटी पुलिस को मिली बड़ी सफलता



कानपुर। थाना किदवई नगर क्षेत्र में हो रही ताबड़तोड़ चोरियो की तफ्तीश में जुटी पुलिस को बड़ी सफलता मिली। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से किदवई नगर पुलिस ने गोंडा निवासी अब्दुल्ला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताते चले विगत कुछ दिन पूर्व चोरों ने संजय वन स्थित हथकरघा कनिष्ठ सहायक के घर चोरी कर लाखो की सेंध लगाई थी यही नही गौशाला में चोरों ने बीजेपी नेता के घर पर भी लाखो का माल पार कर दिया। जिसे देखते हुए पुलिस ने सक्रियता से सीसीटीवी फुटेज के साक्ष्य जुटाकर अब्दुल्ला को मुखबिर की मदद से संजय वन के पास बरगदिया तिराहा से गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की तो चोरी की कई घटनाओं को कुबूलते हुए अपना नाम गोंडा निवासी अब्दुल्ला बताया। उसने यह भी बताया कि घटना करने से पहले कपड़े बदलकर घटना को अंजाम देता था। घटना को अंजाम देने के बाद गोंडा वापस चला जाता था। फुटेज में कैद होने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# परिवार नियोजन मातृ-शिशु मृत्यु रोकने के लिए भी जरूरी



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । मां एवं शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिहाज से दो बच्चों के जन्म के बीच कम से कम तीन साल का अंतर अवश्य रखना चाहिए। उससे पहले दूसरे गर्भ को धारण करने के लिए महिला का शरीर ठीक से तैयार नहीं हो पाता है। पहले बच्चे के उचित पोषण और स्वास्थ्य के लिहाज से भी यह बहुत जरूरी होता है। इसलिए प्रसव के तुरंत बाद परिवार नियोजन साधन अपना कर शिशु और मातृ मृत्यु दर को कम किया जा सकता हैं। यह कहना है चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर मंडल की अपर निदेशक डॉ अंजू दुबे का। राज्य परिवार नियोजन सेवा अभिनवीकरण परियोजना एजेंसी (सिफ्प्सा) के मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक राजन प्रसाद का कहना है कि यदि महिला प्रसव के तुरंत बाद परिवार नियोजन अपनाती है तो इससे लम्बे समय तक अनचाहे गर्भ को रोका जा सकता है। बार बार गर्भपात या असुरक्षित गर्भपात जैसी परेशानियों से बचाने में भी परिवार नियोजन साधन काफी कारगर हैं। मातृ और शिशु मृत्यु दर बढ़ने के आधारभूत कारण कम उम्र में शादी, गर्भधारण, कम अंतराल पर बच्चों का पैदा होना और ज्यादा बच्चे पैदा होना आदि हैं। यदि शादी भी सही उम्र में हुई है तो उसके बाद बच्चों में कम अंतराल होने पर भी माँ और बच्चे दोनों की सेहत को ख़तरा होता हैं। कम उम्र में शादी और कम अंतराल में बच्चे होने से माँ के शरीर में कमजोरी आती हैं। गर्भ धारण से पहले माँ का मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार होना बेहद आवश्यक है। गर्भाशय के भीतर लगने वाला सुरक्षित उपकरण है आईयूसीडी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आरसीएच) डॉ. आरवी सिंह ने बताया कि प्रसव के 48 घंटे के अंदर महिला इंट्रायूटेराइन कॉन्ट्रासेप्टिव डिवाइस (आईयूसीडी) अपना सकती है। यह गर्भाशय के भीतर लगने वाला छोटा उपकरण है, जो कि दो प्रकार का होता है- पहला कॉपर आईयूसीडी 380 ए- जिसका असर दस वर्षों तक रहता है, दूसरा है- कॉपर आईयूसीडी 375 जिसका असर पांच वर्षों तक रहता है। लाभार्थी संतुष्ट, बोले अच्छा विकल्प तीन साल पूर्व पहले बच्चे को जन्म देने के बाद कल्याणपुर की प्रेमवती ने प्रसव के बाद ही आईयूसीडी का विकल्प चुना था। इन तीन सालों में उन्हें इस साधन को अपनाने के बाद किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं आई, आज वह संतुष्ट हैं। इसी वर्ष मई माह में प्रीति ने भी पोस्टपार्टम इंट्रायूटेराइन कॉन्ट्रासेप्टिव डिवाइस (पीपीआईयूसीडी) का विकल्प का चुनाव किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहले बच्चे के जन्म के बाद प्रीति को वहां से जानकारी मिली और वह इसके लिए राजी हो गई ।कानपुर मंडल में साल दर साल बढ़ रहा है आंकड़ा कानपुर मंडल के सभी छह जिलों में परिवार नियोजन के साधन के रूप में पीपीआईयूसीडी अपनाने वालों का साल दर साल आंकड़ा बढ़ रहा है, जो कि अच्छा संकेत है। लोग परिवार नियोजन को लेकर जागरूक हो रहे हैं। मंडलीय एफपीएलएमआईएस प्रबंधक अर्जुन प्रजापति ने बताया कि वर्ष 2020-21 में 34965 महिलाओं ने पीपीआईयूसीडी का चुनाव किया। वर्ष 2021-22 में 56577 महिलाओं ने 2022-23 में 58261 और वर्ष 2023-24 में (सितम्बर तक) 26588 महिलाओं ने पीपीआईयूसीडी के विकल्प को चुना है । उन्होंने बताया की प्रसव बाद पीपीआईयूसीडी अपनाने पर तीन सौ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू व्हाट्सअप 9335908846 मो.: 8423454502 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी।